इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -153 राजनांदगांव, शनिवार 20 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

पहले चरण के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, 62 प्रतिशत से अधिक मतदान

नयी दिल्ली। भारत की अट्ठारहवीं लोक सभा के चुनावों के पहले चरण में शुक्रवार को 102 सीटों के लिये हुये मतदान में 62 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 102 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे कुल 1625 उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों के मेमोरी कार्ड में लॉक हो गया है। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, सर्बानंद सोनोवाल, अर्जुन राम मेघवाल और भूपेन्द्र यादव सहित आठ केन्द्रीय मंत्री भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कुल मिलाकर सहज और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल और मणिपुर में छिटपुट हिंसा की घटनाओं को छोड़कर देश भर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लोकसभा के पहले चरण के साथ -साथ अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की सभी 60 और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के चुनाव भी संपन्न हो गये हैं।

आयोग की ओर से रात नौ बजे जारी विज्ञप्ति के अनुसार लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों में

कुल पंजीकृत 16.63 करोड़ मतदाताओं में से शुक्रवार को 62.37 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। दूरदराज के इलाकों के निर्वाचन केन्द्रों का मतदान आंकड़ा बढ़ सकता है। आयोग ने आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का समाप्त होने का समय समाप्त होने पर भी मतदाता कतारों में खड़े थे। पहले चरण के चुनाव में 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले गये।

इसी तरह जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 64.77 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 67.15 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 69.47 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.23 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 58.49 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 54.06 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.35 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 56.58 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 65.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे।

पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राजस्थान और अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही पुरुष और महिला मतदाताओं की लंबी कतारें लग गयी थीं। पहली बार मताधिकार पाने वाले युवा मतादाताओं में मत देने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। आयोग ने कहा, कुल मिलाकर पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण और अच्छे वातावरण में संपन्न हुआ और इसमें देश में लोकतंत्र के इस महापर्व में सांस्कृतिक विविधता की छटा देखने को मिली।

त्रिपुरा में सबसे अधिक और बिहार में सबसे कम रहा मतदान

निर्वाचन आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट डालने वाले मतदाताओं का अनुपात सर्वाधिक 80.17 प्रतिशत रहा, जबकि बिहार में सबसे कम 48.50 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने निकले। आयोग द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.17 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 69.13 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 74.21 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 72.10 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुडुचेरी में एक सीट पर 73.50 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था।

महबूबा ने किया चुनाव घोषणापत्र जारी, जम्मू-कश्मीर को 'खुली हवा का जेल' कहा

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। पीडीपी के घोषणापत्र में वादा किया गया है कि पार्टी अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद केंद्र सरकार के नापाक इरादों से लड़ने के लिए संसद में आवाज उठाएगी। हालांकि, घोषणापत्र में स्वशासन फॉर्मूले की पार्टी की मांग का कोई उल्लेख नहीं है, जिसका उपयोग पीडीपी यह दावा करने के लिए करती रही है कि उसमें जम्मू-कश्मीर के मुद्दे का समाधान करने की क्षमता है।

श्रीनगर में सुश्री मुफ्ती द्वारा जारी किए गए घोषणापत्र का शीर्षक 'पहचान की रक्षा, भविष्य की रक्षा' है, जिसमें कहा गया है कि 2019 में अनुच्छेद 370 का अवैध निरस्तीकरण के बाद, जम्मू-कश्मीर 'खुली हवा वाला जेल' में तब्दील हो गया है।

घोषणापत्र में कहा गया,÷हमारी सामूहिक पहचान, भूमि, नौकरियों, संसाधनों पर एक अंतहीन प्रहार किया गया है और बोलने की स्वतंत्रता का उल्लंघन हुआ है। हमें अशक्त करने और बेदखल करने के लिए हजारों किलोमीटर दूर दिल्ली में रोजाना अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। इस हमले के खिलाफ संसद में आवाज उठाने की सख्त आवश्यकता है।

इसमें कहा गया, ÷राज्य के विषयों और भूमि कानूनों में भारी बदलाव के साथ शुरू होकर बाहरी लोगों को अनुबंध उपहार में देकर हमारे संसाधनों की आउटसोर्सिंग की जा रही है यहां तक कि विकास परियोजनाएं भी गैर-स्थानीय लोगों को सौंप दी जाती हैं। आजीविका के साथ-साथ पासपोर्ट का भी अपराधीकरण किया गया है। 2019 के बाद से सभी भर्ती योजनाओं पर संदिग्ध घोटालों का दाग है। इस प्रकार हमारे मेहनती उम्मीदवार नौकरी के अवसरों से वंचित हो रहे हैं, हजारों युवा विचाराधीन कैदियों के रूप में जम्मू-कश्मीर के अंदर और बाहर की जेलों में बंद हैं। उनमें से अधिकांश गरीब परिवारों से संबंधित हैं, जिनके परिवारों के पास देश में उनसे मिलने जाने का साधन भी नहीं हैं। घोषणापत्र में कहा गया, उरी मुजफ्फराबाद और पुंछ, रावलकोट में व्यापार, जो हजारों परिवारों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत था, मनमाने तरीके से बंद कर दिया गया है। पिछले पांच वर्षों से हमें यह विश्वास दिलाया जा रहा है कि हमारा सामूहिक अशक्तिकरण हमारी नियति है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

चुनाव के दौरान 'यात्राओं' की अनुमति पर तीन दिन के भीतर फैसला लें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। चुनाव के दौरान समान रूप से धारा 144 (सीआरपीसी) लागू किये जाने को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए विचार का मन बनाया है। इसके साथ ही शुक्रवार को कोर्ट ने यह भी अंतरिम आदेश दिया कि अगर कोई चुनाव के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से यात्रा या सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने के लिए आवेदन करता है तो सक्षम अथॉरिटी ऐसे आवेदनों पर तीन दिन में निर्णय लेगी। ये आदेश न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव के दौरान समान रूप से धारा 144 लागू रहने का मुद्दा उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिये।

सीआरपीसी की धारा 144 लागू होने पर किसी भी जगह पांच व्यक्तियों से ज्यादा के

एकत्र होने पर रोक रहती है। समान्य तौर पर यह धारा किसी क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका पर लागू की जाती है। लेकिन चुनाव के दौरान भी ये समान रूप से लागू रहती है। समाजसेवी अरुणा राय और निखिल डे ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर लोकसभा और विधानसभाओं चुनावों के दौरान समान रूप से धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू किये जाने को चुनौती दी है जिसके चलते जनसभा, यात्रा निकालता, धरना व लोगों के एकत्र होने पर रोक रहती है।

हर चुनाव में धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू रहती है

शुक्रवार को याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यहां बहुत ही अजीब स्थिति है। हर चुनाव में धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू रहती है जिससे कि न तो कोई सार्वजनिक बैठक हो सकती है न ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यात्रा निकाली जा सकती है। उन्होंने राजस्थान के बाड़मेर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां 16 मार्च को निषेधाज्ञा लगाई गई और वो छह जून तक जारी है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

बस्तर में शहीद जवान के परिजनों को चुनाव आयोग देगा 30 लाख, घायलों को मिलेगी 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि

रायपुर (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में नियोजित सीआरपीएफ के शहीद आरक्षक देवेन्द्र कुमार के परिजनों को छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 30 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। वहीं निर्वाचन ड्यूटी के दौरान घायल सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी को 15 लाख रूपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति दी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु अथवा घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान के दौरान शहीद और घायल जवानों के लिए नियमानुसार अनुग्रह

प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान के दौरान बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र गलगम में आउटर कार्डन ड्यूटी में तैनात सीआरपीएफ के डी/196 कंपनी के आरक्षक देवेन्द्र कुमार द्वारा कैंपस के बाहर एरिया डोमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से गंभीर चोट लगने से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से रायपुर लाते समय उनका निधन हो गया। बीजापुर में सीआरपीएफ के 62वीं बटालियन की ई कम्पनी मतदान के मद्देनजर एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। एरिया डोमिनेशन के दौरान थाना भैरमगढ़ क्षेत्रांतर्गत चिहका क्षेत्र में आईईडी ब्लास्ट हो गया। प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से रायपुर लाया गया है।

'इंडी गठबंधन मुद्दों की कंगाली से जूझ रही, इसलिए कर रही गाली-गलौज', पीएम मोदी का विपक्ष पर कटाक्ष

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वर्धा में बड़ी चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी का यह दौरा सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के वर्धा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार रामदास तडस के प्रचार के लिए था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आज के भाषण की शुरुआत मराठी में की. उसके बाद विपक्ष पर खूब बरसे।

इंडी गठबंधन की सोच देश और किसान विरोधी

वर्धा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'कांग्रेस और इंडी गठबंधन की सोच देश विरोधी और किसान विरोधी रही है, इसीलिए देश में किसानों की हालत दशकों तक खराब रही। परिवार के नाम पर योजनाओं के पत्थर गाड़े गए, लेकिन पीढ़ियां गुजर गईं और वह काम पूरा नहीं किया गया।'

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज बीजेपी के विकास के सामने इंडी गठबंधन मुद्दों की कंगाली से जूझ रहा है और इसलिए ये केवल गाली-गलौज और अपमान की राजनीति पर उतर आए हैं। इंडी गठबंधन की तमिलनाडु की जो पार्टी सनातन विनाश की घोषणा करती है उनसे ये लोग छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि पर रैली करवाते हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में पहली रामनवमी का आयोजन हुआ। जब रामलला का सूर्य तिलक हो रहा था तो इंडी के एक नेता ने कहा, 'यह सब पाखंड है', यह कांग्रेस पार्टी और उसके साथियों का असली चेहरा है।

विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य अब दूर नहीं- मोदी

महाराष्ट्र के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 2024 का चुनाव विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का चुनाव है। बापू ने आजादी से पहले ही यह सपना देखा था, आज इतनी बड़ी संख्या *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

रायगढ़ से दर्शन के लिए मंदिर जा रहे 70 लोगों से भरी नाव पलटी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओडिशा के रेंगाली थाना क्षेत्र में महानदी घाट पर एक नाव पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत की सूचना है। नाव में करीब 70 लोग सवार थे। नाव में सवार बाकी ज्यादातर लोग तैरकर बाहर निकल गए, जबकि सात लोग अब भी लापता हैं।

खरसिया थान क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोतरलिया के पूर्व सरपंच मिनकेतन प्रधान ने बताया कि गांव के निवासी गंगाराम लोहर के घर खरसिया से करीब 50 लोग आए थे। यहां से सभी लोग पिकअप, मार्शल और कार से सवार होकर सार्धा पथरसेनी मंदिर में दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान ओडिशा के पचगांव के आगे नदी पार करने के दौरान करीब 70 लोगों से भरी नाव पलट गई। इससे अफरा-तफरा मच गई। तैरकर अधिकतर लोग बाहर आ गए। एक महिला का शव बरामद हुआ है, जबकि सात लोगों के डूबने की सूचना हैं। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

98 क्लीनिक, नर्सिंग होम और पैथोलैब के लाइसेंस एक्सपायर, कई तो 10 साल से चल रहे बिना लाइसेंस

कोरिया। बैकुंठपुर. एमसीबी स्वास्थ्य विभाग की उदासीन रवैया और संचालकों की लापरवाही के कारण जिले के 98 क्लीनिक, पैथोलैब और नर्सिंग होम के लाइसेंस एक्सपायर हो चुके हैं। जिले में कोई मेडिकल संस्थान 10 साल तो कोई 2 साल से बिना लाइसेंस के संचालित हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने संचालकों को नोटिस जारी कर लाइसेंस नवीनीकरण और लाइसेंस बनवाने एक महीने की मोहलत दी है।

एमसीबी सीएमएचओ डॉ. सुरेश तिवारी ने जिलेभर के 98 क्लीनिक, पैथोलैब, डायनोसिस सेंटर, नर्सिंग होम को नोटिस जारी किया है। इसमें उल्लेख है कि एमसीबी जिले के नर्सिंग होम एक्ट में किसी भी प्राइवेट मेडिकल प्रतिष्ठान का पंजीयन नहीं हुआ है और न ही किसी ने पंजीयन के लिए आवेदन दिया है। मामले में नर्सिंग होम एक्ट एमसीबी में 1 महीने के भीतर पंजीयन कराएं। एमसीबी जिले के नर्सिंग होम एक्ट के ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन कर लाइसेंस लेने के *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

पहले चरण का मतदान खत्म; पीएम मोदी बोले- एनडीए को मिल रहा अपार समर्थन

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरुआत आज हो गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान चल रहा है। कुल संसदीय क्षेत्रों के 19 फीसदी सीटों पर मतदान जारी है। 44 दिनों की लोकतांत्रिक यात्रा एक जून तक चलेगी। चार जून को नतीजे घोषित होंगे। अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में विधानसभा की 92 सीटों के लिए भी वोट डाले जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जताया जनता का आभार

पहले चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी लोगों का आभार जताया है, जिन्होंने आज मतदान किया है। एक्स पर ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा कि आज के मतदान से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली है। स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकॉर्ड संख्या में एनडीए के लिए मतदान कर रहे हैं।

भाजपा ने कहा धन्यवाद

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव का पहला चरण संपन्न हो गया है। वोटिंग के लिए मतदाताओं को धन्यवाद। पहले चरण के चुनाव के बाद जो फीडबैक मिला है, उससे स्पष्ट है कि देश की जनता दृढ़ता से पीएम मोदी के समर्थन में है।

शरद पवार गुट पहुंचा चुनाव आयोग

शरद पवार की गुट वाली एनसीपी ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने डिप्टी सीएम अजित पवार, मंगेश चव्हाण और चंद्रकांत पाटिल के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भी साधा निशाना

कांग्रेस के घोषणापत्र पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा अगर हम इसे बजट के हिस्से से इसे समझें तो हमारी आबादी का 50त्न महिलाएं हैं, यानी 70 करोड़ महिलाएं हैं। प्रत्येक महिला को 1 लाख रुपये देने का वादा है तो 70 लाख करोड़ कहां से आएगा। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

बीजापुर में हुआ आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट घायल, एक अन्य घटना में जवान जख्मी

बीजापुर (दावा)। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान चल रहा था, 70 हजार से ज्यादा जवानों की निगरानी में ये मतदान चल रहा था, एक-दो घटनाओं को छोड़ दिया जाये तो बस्तर में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चल है। बीजापुर में हालांकि एक घटना में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेट के घायल होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

वहीं बीजापुर के भैरमगढ़ के चिह्का गांव के पास आईडी ब्लास्ट हुआ है। चुनाव ड्यूटी के दौरान सर्चिंग के लिए निकली पुलिस पार्टी आईडी ब्लास्ट की चपेट में आयी है। थाना भैरमगढ क्षेत्रान्तर्गत चिहका क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन पर निकले केरिपु 62/इ के सहायक सेनानी मनु एचसी को प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से बाये पैर एवं बाये हाथ में चोंट आयी है। चिहका पोलिंग बुथ के आसपास के दायरे में एरिया डॉमिनेशन पर पार्टी निकली हुई थी। सहायक सेनानी को प्राथमिक उपचार उपरान्त ईवाक्यूएट किया जा रहा है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

भीषण गर्मी में गांव-गांव जनसम्पर्क कर रहे प्रत्याशी

तेज धूप व गर्मी से ग्रामीण घर में दुबके रहने के लिए बाध्य

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में शुक्रवार 19 अप्रैल को प्रथम चरण का मतदान बस्तर में संपन्न हुआ। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को प्रदेश के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में होना है। मतदान के लिए अब मात्र सप्ताह भर ही शेष बचे है, लेकिन शहरी एवं क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का जोर नहीं दिखाई दे रहा। भाजपा व कांग्रेस दोनों बड़े राजनीतिक दल के प्रत्याशी क्रमशः संतोष पांडे व भूपेश बघेल अपने चुनाव प्रचार का पूरा जोर गांव देहात के क्षेत्रों की ओर लगाए हुए है। लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी तेज धूप व भीषण गर्मी के दौर में चुनाव प्रचार के लिए बाहर निकलने की जुर्रत नहीं दिखा पा रहे है। बता दे कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के लिए 15 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है। इसमें भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशी को छोड़कर 13 अन्य प्रत्याशी मैदान में है लेकिन चुनाव प्रचार में नजर नहीं आ रहे है। इन प्रत्याशियों की बनी पोस्टर तो दूर कोई चुनावी सभा व रैली तक नजर नहीं आती। केवल लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव में भाजपा व कांग्रेस दो दलों की सक्रियता देखने में आ रही है। दोनों अपने कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी को जीताने प्रचार कार्य में जुटे हुए है।

गांव-देहात क्षेत्रों में प्रचार

बता दे कि दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी ज्यादातर गांव-देहात क्षेत्रों में अपने प्रचार के लिए ज्यादा जोर दे रहे है। शहरी एवं कस्बाई क्षेत्र अछूता बना हुआ है। हालांकि बीते दिनों खैरागढ़ में भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी माहौल में गर्माहट पैदा की इसके बाद से दोनों पार्टी के स्टार प्रचारकों के आने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। इसके पहले सीएम विष्णु देव साय भी आ चुके है। वहीं राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव व स्टार प्रचारक के रूप में जाना जाने वाली प्रियंका गांधी 21 अप्रैल को भूपेश बघेल के पक्ष में सभा लेने डोंगरगांव जरूर आ रही है। इसके लिए स्थल निरीक्षण करने आज छ.ग. प्रभारी सचिव पायलेट डोंगरगांव जा रहे है।

बताते चले कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करने उनकी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व उनकी पुरी स्मिता बघेल मैदान में उतर चुकी है। लेकिन उनका भी चुनाव प्रचार खास कर गांव-देहात क्षेत्रों में हो रहा है। गत दिनों दोनों मां-बेटी ने बड़गांव, चारभाठा आदि गांवों में जाकर चुनाव प्रचार अभियान में हिस्सा लिया। इसी तरह भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पांडे फिलहाल कवर्धा व पंडरिया क्षेत्र में धुंआधार प्रचार कर रही है। वे गांवों में जाकर अपने पति भाजपा प्रत्याशी श्री पांडे के पक्ष में जनसंपर्क कर रही है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में भाजपा के चुनाव प्रचार का कमान दोनों पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अभिषेक सिंह संभाले हुए है।

मोदी लहर व 'न्याय' के बीच फैसला

बता दे कि दोनों बड़े राजनीतिक दल लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए अपने आप को झोंक दिए है। पूरा प्रचार गांव-देहात व कस्बाई क्षेत्रों में देखने में आ रहा है। चूंकि सम्पन्न विधानसभा में कांग्रेस को पांचों विधानसभा क्षेत्रों में जीत मिली है। इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का पूरा फोकस डोंगरगढ़, डोंगरगढ़, खैरागढ़, खुज्जी व मानपुर-मोहला में बना हुआ है। इन क्षेत्रों के सहारे अपनी चुनावी नैया पार कराने की जुगत में वे लगे हुए है। इधर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे का भी पूरा-फोकस यही क्षेत्र बना हुआ है। उनका दौरा व चुनावी सभा ज्यादातर इन क्षेत्रों में ही देखने में आ रहा है। हालांकि मौजुदा सांसद संतोष पांडे को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नाराजगी देखने में आ रही है। कार्यकर्ता अपनी उपेक्षा होने की बात कह रहे है। इसके बावजूद भाजपा के लोग मोदी को जीताने के लिए प्रण ठाने हुए है। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भी राजनांदगांव विधानसभा में डॉ. रमन सिंह को 45 हजार मतों से मिली प्रचंड जीत का लाभ व पूरे देश में चल रही मोदी लहर को अपनी जीत की गांरटी मान कर चल रहे है। इधर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल अकेले मोर्चे पर डटे हुए है। उनका ज्यादातर जनसम्पर्क गांव-देहात क्षेत्रों में हो रहा है। उन्हें किसानों का अच्छा समर्थन मिलने की बात सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को उभारने व किसानों के लिए धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने का लाभ उन्हें मिलने की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस को अपनी न्याय योजना पर पूरा भरोसा है। साथ ही महिलाओं को सालाना एक लाख रूपए देने की बात को भुनाने में जुटी हुई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, कांग्रेस प्रचार के साथ-साथ शहर के 51 वार्डों में उक्त फार्म भरवाने के लिए भी जुटे हुए है।

चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी

भाजपा के मौजुदा सांसद संतोष पांडे को टक्कर देने के लिए उतरे कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल की वजह से राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र हाई प्रोफाईल सीट हो गई है। यह सीट दोनों ही पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इन दोनों प्रत्याशियों से कुछ-कुछ अपना हक छीनने 13 प्रत्याशी और भी मैदान में है जिसमें से बसपा के देवलाल सिन्हा, शक्ति सेना के नारायण निषाद, न्याय धर्म सभा के रामफल पाटिल, हमर राज पार्टी के ललित कंवर, भारतीय शक्ति चेतना के रमेश राजपूत, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के लाखन सिंह टंडन, इसके अलावा निर्दलीय अजय पाली त्रिवेणी पटौदी, बसंत मेश्राम, भुवन साहू, विशेष धमगाए, एएच सिद्धिकी व सुखदेव सिन्हा है। माना जा रहा है कि जैसे-जैसे चुनाव के दिन नजदीक आते जाएंगे शहरों की ओर चुनावी सरगर्मी बढ़ जाएगी।

शहर में चुनावी सुगबुगाहट

इन दिनों सूरज की तपन व हवाओं में गर्मी की बढ़ी हुई तासीर के चलते राजनांदगांव शहर में चुनाव प्रचार का दौर काफी कम दिखाई दे रहा है। 16 अप्रैल को पूर्व सांसद अभिषेक सिंह दलबल के साथ भारत माता चौक, सदर लाइन व शहर के भीतरी क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार करते दिखे। वही उसी दिन धरसींवा क्षेत्र के विधायक फिल्म अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा शहरी क्षेत्र के नंदई इलाके व कन्हारपुरी, रेवाडीह वार्ड पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष के प्रचार किया और उन्हें विजय श्री दिलाने कमल फूल छाप में बटन दबाने के लिए लोगों से अपील की। इसी तरह अनुज शर्मा ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेंडरवानी व तिलईरवार में पहुंचकर जनसम्पर्क किया व सभाएं ली जिसमें बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। इसी तरह बजरंग सेना के लोगों ने वार्ड नं. 7 स्टेशन पारा के घर-घर जाकर लोगों को संतोष पांडे के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे है। लोगों को सांसद पांडे की 5 साल की उपलब्धियां के बारे में बताया जा रहा है। तिलईरवार में भूपेश बघेल ने भी सभाएं ली है। यहां लोगों की खासी भीड़ रही। इधर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में दल-बल के साथ प्रचार करने में जुटे हुए है। उनका साथ महापौर हेमा देशमुख दे रही है। श्री छाबड़ा कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार के साथ महिलाओं को महालक्ष्मी योजना का फार्म भरवाने के लिए भी जुटे है। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए कामठी लाईन में कार्यालय भी खोल रखा है। लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में लोग प्रचार के लिए निकल नहीं पा रहे है। इससे शहर में चुनाव प्रचार की सरगर्मी देखने में नहीं मिल रहा।

पहला कॉलम...

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज कवर्धा जिले में

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल कवर्धा जिले के ग्रामों में आज 20 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 11 बजे से ग्राम पनेका, मानिकचौरी, बिरकोना, खैरझिटी, सेमो, लखनपुर, रवेली, सुरजपुरा, सुखताल पोंडी, भालूचुवा, राजानवागांव, खैरबाना, बम्हनी, सोनपुरी, रेवाबंद तालाब चौक, भामाशाह परिसर कवर्धा शहर में जनसंपर्क करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज कबीरधाम व पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे आज 20 अप्रैल शनिवार को अपना जनसम्पर्क अभियान कबीरधाम जिले के रणवीरपुर मण्डल के ग्राम गेंदपुर से प्रारंभ करेंगे तथा दोपहर बाद पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे सुबह 10 बजे कवर्धा से प्रस्थान कर ग्राम गेंदपुर पहुंचेंगे फिर वे बाजार चारभाठा, वीरेंद्रनगर, सिंघनगढ़ मे घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात कर कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेगे। दोपहर 3 बजे पंडरिया मण्डल के मोहतरा से अभियान प्रारंभ करके ग्राम रमतला, पेन्ड्री, दलपूर्वा, सोमनापुर, बांधा, तिलाईभाठ, होते हुए ग्राम पाढ़ी पहुचेंगे एवं जनसम्पर्क करते हुए चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

कलेक्टोरेट में 22, 23 एवं 24 अप्रैल को डाक मतपत्र से मतदान की व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22, 23 एवं 24 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे।

लल्लूराम देवांगन का निधन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम फरहद निवासी 86 वर्षीय लल्लूराम देवांगन सेवानिवृत्त लेखा अधिकारी शिक्षा विभाग का दिनांक 19 अप्रैल दिन-शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 19 अप्रैल को दोपहर 11:00 बजे इनके निज निवास से मुक्तिधाम के लिये निकाली गई। वे लोकेश्वर देवांगन सरपंच ग्रम पंचायत फरहद व हेमशंकर देवांगन क्लर्क गायत्री विद्यापीठ के पिता थे। वह शुभम, मनीष, साहिल, शिवानी, काव्यांश, हंसिका सहित अपना भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गये।

मोदी सरकार ने सेना का आधुनिकीकरण कर भारतीय सीमाओं को अभेद्य बनाया - संतोष पांडे

भारत दुनिया की पाँचवीं अर्थव्यवस्था का देश बना

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे ने आज खैरागढ़ व कबीरधाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा करते हुए कहा कि वर्तमान आम चुनाव देश के लिए अत्यंत महत्व के हैं, भारत के उज्जवल भविष्य को गढ़ने वाले भी हैं, व नई पीढ़ी को दिशा भी दिखाने वाले रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आजादी के बाद देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जाना था वह नहीं हो पाया।

अंग्रेजों के आक्रमण के पहले हम विश्व के सबसे समृद्ध देश हुआ करते थे, किन्तु 200 वर्षों के अंग्रेजी शासनकाल ने हमारे देश के ताने-बाने को ध्वस्त, कर दिया अंग्रेजों ने कूटरचना करके भारतीय संस्कृति में पश्चिमी सभ्यता थोपने की चाल चली और देश का यह दुर्भाग्य रहा की आजादी के बाद कांग्रेस का नेतृत्व जिन हाथों में आया, वे अंग्रेजीयत संस्कारों से ओतप्रोत रहें, उन्हे देश की मौलिक आवश्यकताओं व सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान नहीं था, फलस्वरूप इनके लंबे शासनकाल में देश पटरी से नीचे उतर गया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने आगे कहा कि इनके शासनकाल में प्रशासन में जड़ता आ गई थी, भ्रष्टाचार खूब फल-फूल रहा था गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर होते चले गए। विकास परियोजनाओं की जड़ में भ्रष्टाचार का नस्तर लग गया तथा वह दशकों तक आधी-अधूरी रह जाती रही। आम लोगों के चलने के लिए ना तो अच्छी सड़के बन पा रही थी, और ना ही सेना को आधुनिक हथियार मिल पा रहे थे, ना ही बुलेट प्रुफ जैकेट और तो और उन्हे अच्छे किस्म के जूते तक उपलब्ध नहीं थे। देश की हालत बद् से बदतर जैसी हो गई थी कही बांगलादेश की घुसपैठ तो कही पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हमले हो रहे थे, भारत की दशा एक दयनीय देश के समान हो गई थी।

श्री पांडे ने आगे कहा कि फिर देश में राम मंदिर का आंदोलन आया, राष्ट्रीय विचारों की स्थापना हुई, फिर पहले अटल जी उसके बाद मोदी जी की सरकार बनी, तब कही जाकर देश की माली हालत में सुधार आना प्रारंभ हुआ। मोदी जी ने जहां देश को आंतरिक व बाह्य खतरों से मुक्त कराया वही विकास का नया इतिहास रचा। सेना का आधुनिकीकरण किया गया एवं भारतीय सीमाओं को अभेद्य बनाया गया। आर्थिक दृष्टि से भारत को मजबूत स्थिति में ले जाते हुए दुनिया की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया विश्व के किसी भी कोने में यदि कोई भारतीय संकट में फसा तो उसे सुरक्षित भारत की धरती पर लाने का अभिनव प्रयत्न हुआ। पूरी दुनिया में भारत यह संदेश देने में सफल रहा की हम कमजोर नहीं हैं, एक शक्तिशाली देश के रूप में खड़े हैं और यह पहचान सुनिश्चित की। आजादी के बाद पहली बार 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर आये, देश की आबादी के 80 करोड़ लोगों को अनवरत रूप से मुफ़्त राशन देकर रोटी की समस्या का निराकरण हुआ।

करोड़ों लोगों को पक्के मकान दिये गए, करोड़ों किसानों को किसान सम्माननिधि से नवाजा गया, करोड़ों महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन देकर राहत पहुचाई गई, लाखों-लाखों लोगों को रोजगार के नये अवसर प्रदान किया गया। इस तरह देश तेजी से प्रगति पथ की ओर आगे बढ़ने लगा किन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए यह जरूरी हैं की 2024 में फिर एक बार मोदी जी कि सरकार बने व अबकी बार 400 पार का नारा सार्थक हो। यह तभी संभव हैं जब हम अपने घरों से निकलकर देश के नवनिर्माण की मुहिम में शामिल होने के लिए कमल फूल छाप पर बटन दबाए।

श्री पांडे आज अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम पैलीमेटा, मोहगाँव, चोभर, आमगाँव, भांजीडोगरी पहुचकर चुनावी सभाओं के संबोधित किया फिर वे कबीरधाम जिले के रेंगाखार मण्डल के ग्राम खारा, उसर्वाही, खम्हरिया, तितरी, बरबसपुर, समनापुर, झलमला, शीतलपानी, सिवनी, चिल्फी पहुंचे अनेक स्थानों पर ढोल नगाड़ों के साथ श्री पांडे का स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से कोमल जंगल, विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, टीके चंदेल, निजाम मंडावी, परासर ठाकरे, अनुज साहू, ललित सोनी, महेंद्र यादव, मनोज अग्रवाल, विष्णु ठाकरे, ओमलाल साहू सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता संविधान के बारे में भ्रामक प्रचार बंद करें - खांडेकर

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खांडेकर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा संविधान के बारे में जो भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा के द्वारा तीसरे कार्यकाल में संविधान को बदलने की पूरी तैयारी है, बिल्कुल झूठा एवं बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संविधान को कभी भी बदला नहीं जा सकता, प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा है कि अगर स्वयं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भी अगर संविधान को बदलना चाहे तो वह भी नहीं बदल सकते, क्योंकि संविधान भारत की आत्मा है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त उदगार खांडेकर ने घुमका मंडल के विभिन्न ग्रामों में सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे के साथ प्रचार के दौरान सभाओं में कहा।

ग्राम तिलई, ठेलकाडीह, बघेरा, हरदुआ, घुमका, पटेवा में राजेश खांडेकर ने लोगों को आह्वान किया कि कुछ लोग संविधान बदलने के नाम से भाजपा को बदनाम कर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के मन में भाजपा पार्टी के प्रति नफरत पैदा करना चाहते हैं, लेकिन वह भूल जाते हैं कि भाजपा के शासन में ही संविधान निर्माता अंबेडकर जी को भारत रत्न दिया गया था। भाजपा ने ही इस वर्ग को पूरे सम्मान के साथ पार्टी से लेकर सरकार तक जगह दी गई है।

खांडेकर ने कहा कि हमारा समाज कभी भी भाजपा के किए गए कार्य को भुला नहीं सकता, इसलिए विपक्षी पार्टी के द्वारा किए जा रहे हैं भ्रामक प्रचार से बचने एवं राष्ट्रहित में अपने मत का सही उपयोग करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए 26 अप्रैल को तीसरे नंबर बटन कमल फूल पर मतदान करने का आह्वान भी किया। प्रचार के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष गंगादास वैष्णव, नंदेश्वर श्रीवास्तव, विजय सुनील आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुंच कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता कचरा निपटान का जायजा लेने आज सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुँचे और सभी मशीने दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने के निर्देश तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये। टेंचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आज आयुक्त श्री गुप्ता ने जायजा लिया और अधिकारियों से कर्मचारियों व मशीनों के संबंध में जानकारी लिये।

स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने जानकारी दी कि बेलिंग फटका मशीन में अनुपयोगी प्लास्टिक को प्रोसेस कर सीमेंट प्लाट भेजने बंडल तैयार किया जा रहा है। डम्प कचरा दो छन्नी मशीन से खाद व प्लास्टिक अलग किया जा रहा है, कम्पोस्ट मशीन में गिला कचरा खाद तैयार करने डाला जा रहा है, लगभग 2 माह की प्रक्रिया से खाद तैयार किया जाता है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लावे, पोकलेन, जे.सी.बी. व सभी मशीने दुरूस्त रखे जिससे कार्य में रूकावट न आवे, सभी कर्मचारी उपस्थित रहकर निर्धारित समय तक ईमानदारी से कार्य करे, इसके अलावा ठेकेदार को भी कचरा निपटान जल्द करने निर्देशित करें, जिससे हमारे सभी कचरे का समुचित रूप से निपटान हो सकें। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात में खेती किसानी व उद्यान के लिये खाद की आवश्यकता होगी, जिसे ध्यान में रखकर किसानों तथा फार्म हाउस संचालकों से सम्पर्क कर खाद का विक्रय करें।

इस अवसर पर सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, उपअभियंता सुश्री सुषमा साहू, अशोक देवांगन व अनुप पाण्डे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

श्री कृष्णा (एयरकूल) में

आज ता. 19 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेल

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत

बीए फाइनल ईयर

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अजंवी चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX

19th April to 25th April 2024

The Legacy Of Jineshwar - 06:30 & 09:30 pm

B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:30 & 03:30 pm

Maidaan - 06:00 & 09:00 pm



Bade Miyan Chote Miyan - 12:00 & 03:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

भाजपा ने चुनावी समर को फतह करने के लिए अंतिम क्षणों की रणनीति बनाई

राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी, पूरे संसदीय क्षेत्र में पार्टी के कार्यकर्ता मंडलों, शक्ति केंद्रों से लेकर मतदान केंद्रों तक टिड्डी दल की भांति छा गये हैं, प्रथम चरण के मतदाता पर्ची के वितरण के बाद दूसरे चरण की मतदाता पर्ची बाटने की अंतिम तैयारी चल रही हैं।

पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी गारंटी का विवरण दे रहें हैं कि किस तरह पार्टी ने दस वर्षों तक गरीबों व मध्यम वर्ग के लिए कार्य किया। आज दोपहर पार्टी के लोकसभा कार्यालय महाजन बाड़ी में राजनांदगाँव उत्तर, दक्षिण व ग्रामीण मण्डल के शक्ति केंद्र प्रभारियों की अलग-अलग बैठक हुई, उक्त तीनों बैठकों में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, विधानसभा चुनाव संचालक संतोष अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी सावन वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जिसमें मतदान के लिए बचे अंतिम पाँच दिनों की कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर इन बचे दिनों के लिए कारगर रणनीति बनाई गई। प्रत्येक मतदान केंद्र में उपस्थित रहने वाले कार्यकर्ताओं के नाम निर्धारित कर उन्हें आवश्यक दस्तावेज सौपा गया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान प्रमुख रूप से ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, दक्षिण मण्डल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी, उत्तर मण्डल के अध्यक्ष अतुल रायजादा, लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, हर्ष रामटेके, सरस्वती यादव, ऋषि देव चौधरी, सुमित भाटिया, हकीम खान, प्रशांत गुप्ता, अशोकादित्य उपस्थित थे।

कल महावीर जयंती पर मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जैनों के 24वें तीर्थकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 21 अप्रैल दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

शुभांक

अनुमानित

बी. के

1-6-9

370-0 345-2

राजधानी

2-5-7

344-1 238-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

फिटनेस स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, तो वोट देश की मजबूती के लिए जरूरी...

पुष्प वाटिका में सुबह स्वीप अंतर्गत फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बुशुबॉल, थेरा बैंड, हर्डल जम्प, जुंबा, म्यूजिकल डांस, एरोबिक्स जैसी गतिविधियों में सबने जमकर लिया हिस्सा

राजनांदगांव (दावा)। फिटनेस स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, तो वोट देश की मजबूती के लिए जरूरी है, इसके मद्देनजर आज पुष्प वाटिका में सुबह स्वीप अंतर्गत फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जहां एक ओर युवाओं ने शिरकत की, तो वहीं महिलाएं एवं हर आयु वर्ग के नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। सभी ने विभिन्न गीतों पर व्यायाम एवं नृत्य किया तथा मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने का संकल्प लिया। जिंदगी में स्वस्थ रहने तथा खुश रहने के लिए लय, ताल एवं रिदम की जरूरत होती है एवं शारीरिक गतिविधियों की जरूरत होती है। एक ऐसा वक्त जब एक साथ बड़ी संख्या में नागरिक

कलेक्टर ने सभी को मतदान करने के लिए दिलाई शपथ

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ ही लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए चुनाव के इस पर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर अपना कर्तव्य निभाने तथा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए एकत्रित हुए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम सजग रहते हैं, उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी है। उन्होंने सभी नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की तथा अपने आस-पास, परिजनों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर बुशुबॉल, थेरा बैंड, हर्डल जम्प, जुंबा, म्यूजिकल डांस, एरोबिक्स जैसी गतिविधियों में सबने जमकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा काढ़ा वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा चना एवं मूंग तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा फल, केला, अंगूर का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशन में लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा, सहायक स्वीप नोडल मनोज मरकाम, मैनेजर दिग्विजय स्टेडियम रणविजय सिंह, योग प्रशिक्षक हेमंत तिवारी सहित पीटीएस के नव आरक्षक, साई हास्टल एवं खेलो इंडिया के खिलाड़ी, अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। जुम्बा डांस अमित आजमानी ने कराया।

बैठक की रणनीति के बाद मतदाताओं के घरों तक पहुंची कांग्रेस- सूर्यकांत जैन

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के चलते राजनांदगांव शहर दक्षिण ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 48 एवं वार्ड क्रमांक 40 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में वार्ड प्रभारी बबलू कसार द्वारा ली गई।

उक्त बैठक चुनाव के बूथ प्रबंधन को लेकर आयोजित की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सतीश सोनपिप्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के उपरांत डोर टू डोर जनसंपर्क दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 48 एवं 40 में किया गया जनसंपर्क के दौरान सभी मतदाताओं से कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रचंड मतों से जीताने की अपील ब्लॉक के जोन प्रभारी खिलेश बंजारे, सेक्टर प्रभारी आफताब अहमद, दीना सोनकर, बूथ अध्यक्ष रमेश मांडवी, आशीष सोनकर, विनोद गेंद्रे, शैलेंद्र जोशी, ने मतदाताओं से आग्रह किया कि बढ़ती हुई महंगाई और देश में बढ़ती बेरोजगारी को दूर करने के लिए भारत देश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाना जरूरी है इसी आग्रह के साथ कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राजनांदगांव का सांसद कैसा हो भूपेश बघेल जैसा हो के गगन भेदी नारों के साथ वार्ड भ्रमण किया गया। उक्त अवसर पर कांग्रेसजनों ने मतदाताओं को बताया कि 4 महीने पहले कांग्रेस की सरकार में 35 किलो चावल प्रति राशन कार्ड मिला करता था यानी 7 किलो प्रति व्यक्ति जो घटकर आम जनता का राशन प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन भाजपा शासन द्वारा दिया जा रहा है जो कि सीधा-सीधा मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवार के जेब में डाका डालने के समान है। जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी महामंत्री नासिर जिंदरान, राजू खान, तामेश्वर बंजारे, भगवान सोनकर, डॉ. राकेश कुमार, विष्णु सिन्हा, अतुल भारद्वाज, सतीश सोनपिपरे, साबिर जिंदरान, लक्की रामटेके, बलराम ठाकुर, खेमन गोयल, अमित, हेमंत, मनीष, किशन, नंदू जांगडे, ओमप्रकाश, शिव साहू, शीतल जोशी, वीरेंद्र कौशिक, दीपक शर्मा, दीपक लहरे, नरेंद्र महिलांगे, सुरेश कौशिक, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

संतोष पाडे ने राजनांदगांव क्षेत्र में किया जनसंपर्क

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के उत्तर एवं दक्षिण मण्डल का सघन जनसम्पर्क करते हुए भदौरिया चौक से कार्यकर्ताओं की बाईक रैली में सम्मिलित होकर पेंड्री तक पहुंचे। उत्तर एवं दक्षिण मण्डल भाजपा युवा मोर्चा द्वारा भदौरिया चौक में श्री पांडे का भव्य स्वागत किया गया। फिर वे सिंगदई, शांतिनगर एवं बसंतपुर में घर-घर पहुंचकर भाजपा के कमल फूल के लिए आशीर्वाद माँगा। इस दौरान प्रमुख रूप से खूबचन्द पारख, नीलू शर्मा, राजेन्द्र गोलछा, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, हर्ष रामटेके, मुकेश बघेल, किसुन यदु, शिव वर्मा, पारूल जैन, मोनू बहादुर सिंह, रवि सिन्हा, हकीम खान, मूलचंद भंसाली, देशरण सेन, प्रशांत गुप्ता, शरद सिन्हा, सज्जन ठाकुर, सरस्वती यादव, ऋषि चौधरी, इरफान सेख, श्यामा सुखदेवे, आशीष डोंगरे, ललित नायडू, विजय शर्मा, लोकेश जैन, सुरेश डेकाटे, शेखर यादव, संगीता मिश्रा, गीता साहू, रेनू सूर्यवंशी उपस्थित रहें।

चौकी ब्लॉक के ग्राम झिटिया में किसी भी प्रकार की बैठक आयोजित नहीं की गई

गोंड समाज महासभा मोहला द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन का किया गया खंडन

राजनांदगांव (दावा)। गोंड महासभा मोहला द्वारा नागवंशी गोंड समाज ब्लॉक अंबागढ़ चैकी के अध्यक्ष दरोगा नेताम द्वारा गोंडवाना समाज मोहला द्वारा 15 अप्रैल को अंबागढ़ चौकी विकासखण्ड के ग्राम झिटिया में सामाजिक बैठक आयोजित कर आचार संहिता का उल्लंघन करने के संबंध में प्रकाशित खबर का खंडन किया गया है। गोंड महासभा मोहला के संभागीय अध्यक्ष नरेंद्र नेताम संभागीय सलाहकार हीरेसिंह धावड़े, पूर्व संभागीय अध्यक्ष जगत सलामे, संभागीय सचिव कुमार कोरेटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 15 अप्रैल को अंबागढ़ चौकी विकासखण्ड के ग्राम झिटिया में गोंड समाज द्वारा किसी भी प्रकार की बैठक आयोजित नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को बैठक का आयोजन प्रस्तावित जरूर थी लेकिन आवश्यक कारणों से उसे स्थगित कर दी गई।

रॉयल किड्स कान्वेंट के खिलाड़ियों ने योग चैंपियनशिप में रोशन किया नाम

राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में सत्र 2023 में आई.सी.एस.ई बोर्ड के योग जोनल गेम्स एंड स्पोर्ट्स रखे गए एवं रॉयल किड्स कान्वेंट में इन खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ छत्तीसगढ़ जोन के आई.सी.एस.ई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों ने भाग लिया। इसी कड़ी में रॉयल किड्स कान्वेंट की मेजबानी में योग प्रतियोगिता आयोजित हुई इस योग प्रतियोगिता में अंडर 14, 17, 19, के बालक बालिकाओं ने भाग लिया और योग में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीनो वर्ग के 19 छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया तथा इस प्रतियोगिता में दा रेडियंट वे स्कूल रायपुर द्वतीय स्थान पर रही। इसी तरह सत्र 2024 में भी आई.सी.एस.ई बोर्ड के योग जोनल गेम्स प्रतियोगिता रखी गई जिसमें अंडर 14, 17, वर्ग की योग प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें शाला के 16 बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इनमें से 7 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष जगह बनाई। विदित हो कि प्रारंभ से ही रॉयल किड्स कान्वेंट में पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, इस संस्था के बहुत से विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपनी खास जगह बनाई

है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल में मृणाल चौबे और अंतर्राष्ट्रीय कॉमनवेल्थ भारोतोलन में ज्ञानेश्वरी यादव तथा राष्ट्र स्तरीय पर शाला की छात्रा अभिज्ञा कनौजे (टेबल टेनिस), रितेश यादव (भारोत्तोलन) में चयनित हुए है।

खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की यह उपलब्धियां निश्चित ही राजनांदगांव को देश के खेल मानचित्र में अलहदा स्थान प्रदान करती है। प्राचार्य ने बताया कि आई.सी.एस.ई बोर्ड प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षा पाचवीं से ही सुदृढ़ पृष्ठभूमि तैयार करता हैं एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शहर के अनेकों छात्रों का चयन एवं ख्यातिलब्ध विभूतियों ने इसे सही साबित किया है। प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु डॉ.जे. बी. सिंह अकेडमी के द्वारा विशेष तयारी कक्षा चौथी से ही करायी जा रही है, संस्था में प्रवेश हेतु पालकों में उत्साह हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ.सविता जे.बी.सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह एवं शाला के एकेडेमिक डायरेक्टर/प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, योग शिक्षक अपर्णा वर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षाकाओं ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया।

चुनावी रैलियों में झूठे दावे करने वाले संतोष पाडेय के खुद के गोद ग्राम बदहाल है- अभिमन्यु मिश्रा

आदर्श ग्राम, अमृत सरोवर इत्यादि योजनाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि आदर्श ग्राम योजना के तहत सांसद संतोष पांडेय ने खैरागढ़ मुढ़ीपार, छुरिया के मातेखेड़ा, कवर्धा के रणवीरपुर और अम्बागढ़ चौकी के दनगढ़ गांव को गोद लिया है। सांसद की ओर से गोद लिए जाने के बाद गांव के लोगों को विकास में तेजी की उम्मीद थी लेकिन अब तक परिस्थितियों में कोई भी सुधार नही हो पाया है, गांवों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। गांव के रहवासियों का कहना है कि सिर्फ नाम का आदर्श ग्राम है काम कुछ भी नही हुआ है। सांसद ने कोरोना काल के बाद खुज्जी विधानसभा के छुरिया ब्लॉक के मातेखेड़ा गांव को गोद लिया, 1600 लोगों की आबादी वाले इस गांव में कई विकास कार्यों के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से उनसे मांग की गई संतोष पांडेय द्वारा केवल आश्वासन ही दिए लेकिन काम पूरे होने का नाम नही ले रहे, केवल डी.एम.एफ. मद से व्यावसायिक परिसर का निर्माण हुआ है। संतोष पांडेय ने पिछले साल अम्बागढ़ चौकी और मोहला के बीच स्थित दनगढ़ गांव को भी गोद लिया है और यहां पर भी विकास की कहानी अधूरी है, वहीं सांसद का पहला गोद लिया हुआ गांव डोंगरगढ़ व खैरागढ़ के बीच स्थित मुढ़ीपार है यहां अमृत सरोवर योजना के तहत कार्य शुरू तो हुआ लेकिन आगे कोई अता-पता नही यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी बेहद खराब है रहवासियों को स्वास्थ्य समस्याओं के लिए पाड़ादाह या खैरागढ़ जाना पड़ता है यहाँ की सड़कों की हालत भी बेहद खराब है रहवासियों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाएं नहीं हैं डॉक्टरों की कमी है उपचार के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ता है सांसद को इसके लिए प्रयास करना चाहिए था उक्त ग्रामों के रहवासियों का यह भी कहना है कि योजनाएं सिर्फ विज्ञापन तक ही सीमित हैं जन जन तक नही पहुंच पा रही हैं सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है, इसके अलावा पूरे राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो भी कई क्षेत्रों में पी.एम.आवास योजना, जल जीवन मिशन जैसी प्रमुख योजनाओं का लाभ नही मिल पाया है इसके अलावा अमृत सरोवर योजना का भी लाभ नही मिला है जिसकी वजह से कई गांवों में तालाबों की सफाई नही हो पाई है इसी कड़ी में संतोष पांडेय के गृह जिले कवर्धा के विकासखंड स. लोहरा जहां से वे खुद आते हैं उसके अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पावले जो की चार आश्रित गांवों का केंद्र है जिसमे बंधी, अमलीडीह तथा कौड़िया शामिल है वहां अब तक पक्की रोड नही बन पाई है ग्रामीणों का कहना है कि सांसद संतोष पांडेय चुनाव जीतने के बाद 5 साल में झांकने तक नही आये फिर भी दूसरी बार कैसे टिकट मिला समझ से बाहर है ग्रामीणों ने बताया कि कवर्धा के ग्राम पेंड्रा तक पक्की रोड है जो कि पावले से केवल दो किलोमीटर दूर है अगर उसे वहां तक बड़ा दिया जाएगा तो समस्या का समाधान हो जाएगा बड़ी बात तो यह है कि उक्त समस्याओं को लेकर स्थानीय रहवासियों ने चुनाव का बहिष्कार तक कर दिया है इसके बाद भी संतोष पांडेय किस विकास की बात करते हैं समझ से परे है।

फार्मेट सी–1

अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(समाचार पत्र,टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम व पता : भूपेश कुमार बघेल, मानसरोवर आवासीय परिसर, भिलाई–03 जिला–दुर्ग (छ.ग.)

राजनैतिक दल का नाम : इण्डियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : लोकसभा

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 06/राजनांदगांव

मैं **भूपेश कुमार बघेल** (अभ्यर्थी का नाम),उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं :

(क)	लंबित अपराधिक मामले (03 प्रकरण)			
क.सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
प्र.क्र. 01	न्यायालय का नाम वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना– ई.ओ.डब्ल्यू रायपुर छ.ग.)	प्रकरण क्र. वर्तमान में निरंक (FIR No.- 06/2024 Date-04-03-2024)	लंबित	धारा– 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471, भा.द.वि.एवं धारा 7,11, भ्र.नि.अधिनियम (संशोधन) 2018 संक्षिप्त विवरण :–

मामलें का संक्षिप्त विवरण :– प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2020/AD(MK) दि. 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2022/AD(MK) दि. 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक ऐप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शापिंग की गई । ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्लेटफार्म का निर्माण कर वाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा । इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटर्स / ब्रांच संचालको के मध्यम से ऑनलाईन बैटिंग के आपराधिक कृत्य का संचालन किया गया । इस अवैध कमाई से लगभग 70 से 80 प्रतिशत राशि स्वयं रखकर शेश राशि पैनल ऑपरेटरों को प्रदान की गई । ऑनलाईन बैटिंग ऐप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग ऐप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्श 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑन लाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्शिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैध राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है । इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है ।

इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई । इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शमिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृश्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रश्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा ..... (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृष्टिगत थाना..... (वर्तमान में लागू नही) जिला .....(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा "ब" के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया । इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी।

प्र.क्र. 02	न्यायालय का नाम–अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय / एम.पी. /एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुद्ध नगर। (पुलिस थाना – नोएडा, सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर)	वर्तमान सम्मन दिनांक 06/12/2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23, CCNo.-29/22 दर्शाया गया है । (FIR No.- 29/2022 DATE – 16-01-2022)	लंबित	धारा– 188, 269, 270 भा.द.वि. एवं धारा – 03 महामारी अधिनियम 1897 संक्षिप्त विवरण :–

मामलें का संक्षिप्त विवरण :– कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रांक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है । आज दिनांक–16.01.2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेशित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में है' । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंह प्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है।

प्र.क्र. 03	विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सी.बी.आई. /एस.सी.–।।, नई दिल्ली)	प्र.क्र.–5465/18 FIR No.- RC 12 & 13 (S)/2017-SCUV/SC-II /CBI NEW DELHI DATE –12-12-2017	लंबित	धारा– 120 बी/सह पठित 469, 471, भा.द.वि. एवं धारा–67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम **संक्षिप्त विवरण :–**

मामलें का संक्षिप्त विवरण :–एफ.आई.आर नं– आर.सी.नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू/एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.–13 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक–665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए, आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है ।

(ख)	अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण			
क.सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) की स्थिति		अधिकतम अधिरोपित दंड
निरंक	निरंक (लागू नही होता है)	निरंक (लागू नहीं होता है)	निरंक (लागू नहीं होता है)	निरंक (लागू नहीं होता है)

अनमोल दावा

"सच्चा चाहने वाला आपसे प्रत्येक तरह की बात करेगा। आपसे हर मसले पर बात करेगा। लेकिन धोखा देने वाला सिर्फ प्यार भरी बात करेगा।

ट्रेनों में महिला चालकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रेल इंजन में बुनियादी सुविधाओं की जरूरत

इंजन में बुनियादी सुविधाओं के अभाव की स्थिति में पुरुष चालक तो किसी तरह अपना काम चला लेते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बहुस्तरीय चुनौतियां होती हैं कि वे अपनी ड्यूटी या फिर निजी जरूरतों के लिए ट्रेन से बाहर कैसे जाएं।

इस बात की कल्पना भी असहज कर दे सकती है कि किसी व्यक्ति को चार-पांच घंटे या उससे ज्यादा देर तक लगातार काम करते रहना पड़े और जरूरत पड़ने भी उसके लिए शौचालय की सुविधा न हो। मगर यह समस्या एक विद्रूप बन जाती है जब इस तरह की मुश्किल महिला कर्मचारियों से जुड़ी हो।

देश में चलने वाली रेलगाड़ियों में आमतौर पर सभी डिब्बों में शौचालय की सुविधा होती है और यात्री अपनी जरूरत के मुताबिक उसका उपयोग करते हैं। मगर ट्रेन के इंजनों में आमतौर पर शौचालय की व्यवस्था नहीं होती, जिसकी वजह से चालकों को अन्य विकल्प अपनाने पड़ते हैं। इस बुनियादी सुविधा के अभाव की स्थिति में महिलाओं को कैसी समस्या होती होगी, इसका अंदाजा भर लगाया जा सकता है। यही वजह है कि महिला ट्रेन चालकों के एक समूह ने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि या तो उनके कामकाज की दयनीय परिस्थितियों में सुधार किया जाए या फिर उन्हें अन्य विभागों में स्थानांतरित कर दिया जाए।

भारतीय रेल के व्यापक तंत्र में तमाम समस्याओं पर बात होती रही है, उसमें सुधार के लिए काम होते रहे हैं। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा बनाने के दावों के बीच बुलेट ट्रेन या अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनों के संचालन की घोषणाएं होती रही हैं। मगर ट्रेन को चलाने और गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन चालकों पर होती है, उनकी सुविधा-असुविधा पर बहुत कम बात होती है।

इंजन में बुनियादी सुविधाओं के अभाव की स्थिति में पुरुष चालक तो किसी तरह अपना काम चला लेते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बहुस्तरीय चुनौतियां होती हैं कि वे अपनी ड्यूटी या फिर निजी जरूरतों के लिए ट्रेन से बाहर कैसे जाएं। उन्हें शौचालय की सुविधा की कमी और माहवारी के समय पैड नहीं बदल पाने सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सवाल है कि अत्याधुनिक तकनीकों से लैस उच्च गति वाली ट्रेनें चलाने की घोषणाओं के बीच इनके इंजन को शौचालयों की सुविधा से लैस क्यों नहीं किया जा सकता? ट्रेनों में महिला चालकों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए अगर रेलगाड़ियों के इंजन में बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम किया जाता है, तभी आधुनिकीकरण या इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के दावों का कोई मतलब है!

बटोरन नहीं बांटन लाल बने

चिंतन आलेख

विजय मिश्रा 'अमित'

सृष्टि के जीवों में मनुष्य की गिनती एक विवेकशील प्राणी के रूप में होती। इसलिए त्याग, दान और दया जैसे भाव की अपेक्षा मनुष्य से स्वाभाविक रूप से की जाती है। इतिहास साक्षी है अधिकाधिक त्याग की भावना से भरे मनुष्य ही महान विभूतियों के रुप में विख्यात हुए। राजा हरिश्चंद्र, महर्षि दधीचि, दानवीर कर्ण, मर्यादा पुरुषोत्तम राम राज मोरध्वज, इसके आदर्श उदाहरण हैं। उन्होंने संदेश दिया कि-खुद दूसरों पर लूटाने वाले किसी को लूटा नहीं करते, पत्ते वही अच्छे लगते हैं जो डगालियों से टूटा नहीं करते

मनुष्यों को बटोरन लाल नहीं बांटन लाल बनने तत्पर रहना चाहिए अर्थात हमेशा लालच की गठरी को बड़ा करने के बजाय अपनी गठरी में अनावश्यक संचित धन दौलत को दान-पुण्य में खर्च करने हाथ खुले रखना चाहिए। त्याग की प्रवृत्ति से ही मनुष्य के भीतर, दया, दानशीलता का गुण विकसित होता है।

दान का अर्थ स्थूल रूप में धन दान से ही लिया जाता किंतु यह कोरा भ्रम है,इससे तो यही भान होता है कि निर्धन इंसान तो दान कर ही नहीं सकता। ऐसे भ्रम को दूर करने के लिए ही सभी धर्मों में धन दान के अलावा श्रमदान, विद्या दान, जल दान, नेत्रदान, रक्तदान देहदान का भी उल्लेख मिलता है।

आप रास्ते में कहीं जा रहे हैं और कोई रिक्शा, ठेला वाला चढ़ाई वाली जगह पर बोझा भरे अपने रिक्शा ठेला को नहीं खींच पा रहा है।पसीने से तरबतर हो चला है। उस वक्त उसे अनदेखा करने के बजाय आप अपनी गाड़ी से उतरकर उसको चढ़ाई चढ़ने में मदद करते हैं। रिक्शा ठेला को ढकेलकर ऊपर तक चढ़ा देते हैं तो यह श्रमदान आपके धन दान से अधिक महत्व रखता है।

ऐसे ही रास्ते में कहीं जा रहे हैं और किसी सार्वजनिक जगह पर नल से बहते पानी को नल की टोंटी बंद करके रोक देते हैं। गांव-शहर में तालाबों- बावलियों की सफाई में सहयोग करते हैं,तो पानी की बरबादी रोकने की जिम्मेदारी के साथ साथ आप जल दान का भी पुण्य प्राप्त कर लेते हैं।

आपके आसपास अनेक अभाव ग्रस्त विद्यार्थी होते हैं।आते जाते आपको फटे बस्ते, फटे जूते-चप्पल, कपड़े, कापी किताब लिए वे दिख जाते हैं। कड़ी धूप में तपती जमीन पर नंगे पांव चलते, पानी बरसात में भीगते, ठंढ में ठिठुरते अनेक गरीब विद्यार्थी नजर आते हैं।आप ऐसे विद्यार्थियों की मदद अध्ययन सामग्री, स्वेटर, बरसाती, छाता, जूते चप्पल देकर कर सकते हैं। खाली समय में उन्हें पढ़ा लिखा देते हैं तो आपका ऐसा उपक्रम विद्या दान की श्रेणी में आ जाता हैं।

यह दान केवल उस विद्यार्थी के लिए ही नहीं बल्कि बृहद अर्थों में उसके परिवार समाज,देश के लिए भी बहुपयोगी सिद्ध होता है। दानों में विद्या दान, ज्ञान दान को इसीलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ.अब्दुल कलाम जैसे महान हस्तियों ने सर्वोत्तम दान की संज्ञा दी है।

चिकित्सा विज्ञान में हुई जबरदस्त उन्नति, अनगिनत अत्याधुनिक मशीनों के अविष्कार से अब देहदान नेत्रदान, रक्तदान जैसे अनेक शारीरिक अंगों के दान का भी नया रास्ता खुल गया है, फलस्वरूप मृत्युपरांत कोई भी व्यक्ति अपने समूचे शरीर को अथवा शरीर के अलग-अलग अंगों यथा, फेफड़े, किडनी, आंख(कार्निया), ऊतक त्वचा आदि का दान कर सकता है। यह मृत व्यक्ति की आत्मा को परम शांति देने वाला दान है। एक व्यक्ति के दिए आंख, किडनी फेफड़ा से अनेक जीवित व्याधिग्रस्त व्यक्तियों के जीवन दूखों का अंत और अपार सुखों का संचार होता है।

ऐसे ही जीवित व्यक्ति भी बड़ी सहजता से रक्तदान,किडनी,लिवर का दान कर सकते हैं। रक्तदान तो प्रत्येक तीन माह में एक बार किया जा सकता है।मानव देह में ऐसी क्षमता होती है कि दान दिया हुआ रक्त चौबीस घंटे में पुनः निर्मित हो जाता है, यह सर्वविदित है कि रक्त को किसी फैक्ट्री में नहीं बना सकते हैं। मानव शरीर के अलावा रक्त प्राप्ति का कोई अन्य स्रोत नहीं है, अतः रक्त दान में बढ़-चढ़कर भागीदारी विशेष कर युवाओं को अवश्य देना चाहिए।

दान देने की प्रवृत्ति इस बात को भी उजागर करती है कि--स्वयं का दर्द महसूस होना जीवित होने का प्रमाण है, लेकिन औरों का दर्द महसूस होना,औरों के दर्द को दूर करना इंसान होने का प्रमाण है। दानवीर बनें औरों के संग स्वयं के सुख का मार्ग प्रशस्त करें।

पूर्व अति महाप्रबंधक (जन)
एम 8 सेक्टर 2अग्रोहा कालोनी,
पोआ-सुन्दर नगर रायपुर
(छ.ग.)492013
मोबाईल 9893123310

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 124 : स्वयंवर सभा के बाद राम और लक्ष्मण, परिजनों से भेंट की प्रतीक्षा में

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम और लक्ष्मण जी अयोध्या से बरात आने की प्रतीक्षा में हैं। सीता स्वयंवर के बाद राजा जनक द्वारा राजा दशरथ को विवाह निमंत्रण पत्रिका भेजना एक औपचारिकता ही थी, फिर भी नियमों और परंपराओं का पालन किया जाना आवश्यक था। श्री राम, पुष्प वाटिका के प्रसंग को याद कर रहे हैं। भगवान शिव को अर्पित करने के लिए अन्य पुष्पों के साथ-साथ विशेष रूप से कर्णिकार के पुष्प को लेने की इच्छा से वे वाटिका में भ्रमण कर रहे थे और अनायास सीता जी से उनका आमना - सामना हुआ था। इस पुष्प की ओर संकेत करने के बाद श्री राम ने उसे चुन लिया था और सीता जी माता भवानी के मंदिर की ओर चली गई थीं,जहां कुछ ही देर बाद वही कनेर का पुष्प उन्हें माता भवानी के मंदिर में मिला था। श्री राम इस अद्भुत प्रसंग को याद कर रहे हैं।

राजप्रासाद में इसका स्मरण करते हुए सीता जी भी मुदित हैं। स्वयंवर सभा के बाद आज राजप्रासाद लौटकर संध्या के समय सीता जी और उर्मिला जी भी एक दूसरे से अपने मन की बातें कहने लगीं।

''दीदी! आपने माता भवानी के मंदिर में क्या प्रार्थना की थी कि इतनी जल्दी आपका ब्याह हो रहा है?'' उर्मिला जी ने कहा।

''पता नहीं उर्मिला! यह सब इतनी शीघ्रता से हो रहा है। मैंने कोई विशेष प्रार्थना नहीं की थी। बस माता भवानी से यह कहा था कि इन दोनों राजकुमारों के मन की इच्छा पूरी करना और पिता महाराज जनक का आयोजन सफल हो जाए।'' सीता जी ने कहा।

÷वाह दीदी! कुछ क्षणों की भेंट में ही ज्येष्ठ राजकुमार ने आपको अत्यधिक प्रभावित कर लिया था।÷उर्मिला जी ने छेड़ते हुए कहा।

''तुम सही कह रही हो उर्मिले! कुछ ऐसे ही हुआ होगा। और क्या तुम्हें किसी ने प्रभावित नहीं किया?'' सीता जी ने पूछा।

''आपका तात्पर्य क्या है दीदी?'' उर्मिला जी ने पूछा।

''मैं कनिष्ठ राजकुमार लक्ष्मण के विषय में पूछ रही हूं तुमसे।'' सीता जी ने कहा।

सीता जी के अचानक ऐसा कहने पर उर्मिला जी शर्मा गईं।उन्होंने कहा, ''अब आपने यह कैसा अटपटा प्रश्न पूछ लिया है दीदी?''

''क्या लक्ष्मण तुम्हें पसंद नहीं हैं?''

''ऐसा नहीं है दीदी! कनिष्ठ कुमार को भला कौन नहीं पसंद करेगा? इतनी छोटी सी अवस्था में उन्होंने परशुराम जैसे त्रेता युग के अब तक के सर्वश्रेष्ठ योद्धा माने जाने वाले भगवान परशुराम जी को ही अपनी बात में सत्यता होने के कारण निर्भीकता पूर्वक चुनौती दे दी थी।''

''ओह! तो तुम्हारे हृदय में अनेक गूढ़ अर्थ विश्लेषित हो रहे हैं उर्मिला!'' सीता जी ने मुस्कुराते हुए कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -032

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बवादीं, तबाही 14. नासिका, घ्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 031 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू- दोकू क्र.032

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.031 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी।

वृषभ

आज व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

मिथुन

आज कोई काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा।

कर्क

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। परिवार की सलाह आज आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपके कोई खास रिश्तेदार आपसे हेल्प लेंगे। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर में दर्शन करने जायेंगे। इस राशि के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

सिंह

आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं।

कन्या

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे।

तुला

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज काम में माता-पिता की हेल्प मिलने से वह जल्दी ही पूरा होगा। नेगेटिव विचारों से दूरी बनाएं रखें। आपको आज उधार के लेन देन से बचना चाहिए। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन आज अच्छा रहेगा।

वृश्चिक

आज आपका दिन रोज की अपेक्षा लाभ देने वाला रहेगा। आपकी मुलाकात आज अपने बचपन के मित्र से होंगी। साथ ही बचपन की यादें ताजा हो जाएगी। आपका रुका हुआ कार्य आज पूरा होगा। इस राशि के जो युवा खेल कूद में इंटरेस्ट रखते है, उनका दिन आज अच्छा रहेगा।

धनु

आपके लिए दिन शुभ कहा जा सकता है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है।

मकर

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। दोस्तों के साथ समय बीत सकता है।

मीन

आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है इसमें आपको सफलता मिलेगी। काम पूरे होने के योग हैं। आज आप करियर में सक्सेस होने के लिए प्लानिंग करेंगे जिसका फायदा आपको आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

वॉक से भी ज्यादा असरदार है रिवर्स वॉक

रोजाना वॉक करने से तेजी से वजन कम होता है। अगर आप ब्रिस्क वॉक करते हैं तो इससे पूरे शरीर पर जमा फैट कम होने लगता है। वॉक को सबसे आसान एक्सरसाइज माना जाता है, जिसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर उम्र का व्यक्ति आसानी से कर सकता है। ये ऐसा व्यायाम है जिसे आप अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बना सकते हैं। आपको सुबह कम से कम 30 मिनट की वॉक रोजाना करनी चाहिए। मॉर्निंग वॉक के एक-दो नहीं बल्कि कई फायदे हैं। हालांकि इससे भी ज्यादा असरदार साबित होती है रिवर्स वॉक। जी हां सिर्फ 15 मिनट की रिवर्स वॉक नॉर्मल वॉक से ज्यादा फायदा पहुंचाती है। आइये जानते हैं रिवर्स वॉक कैसे करते हैं और इससे क्या फायदे मिलते हैं?

रिवर्स वॉक करने से पूरे शरीर का वजन कम होता है। स्पोर्ट्स मेडिसिन इंटरनेशन के जर्नल में पब्लिश हुई एक रिपोर्ट की मानें तो रिवर्स वॉक बेहतरीन और असरदार कार्डियो एक्सरसाइज है। जो नॉर्मल वॉक से ज्यादा असरदार है। हालांकि रिवर्स वॉक को थोड़ा रिस्की भी माना जाता है। उल्टा चलने में पीछे दिखाई नहीं देता है। ऐसे में कई बार गिरने का खतरा बढ़ जाता है। रिवर्स वॉक करने में आपको बहुत सावधानी बरतने की जरूरत होती है, लेकिन एक बार आप इसे करने की प्रैक्टिस कर लेते हैं तो ये आपके लिए आसान हो जाती है।

रिवर्स वॉक करने से पैरों की बैक मसल्स पर असर पड़ता है जिसे पैरों को मजबूती मिलती है। रिवर्स वॉक से मसल्स स्ट्रॉंग बनती हैं। पूरे बैक साइड पर जमा चर्बी कम होती है।

बैंक पेन में रिवर्स वॉक करने से काफी आराम मिलता है। इससे कमर में लचीलापन आता है। अगर आपके लिए रोजाना 30 मिनट की वॉक करना संभव नहीं है तो 15 मिनट की रिवर्स वॉक कर लें।

रिवर्स वॉक करने से कमर के साइड्स में जमा फैट को आसानी से कम किया जा सकता है। इससे बैक बॉडी टोन्ड होती है। 15 मिनट की रिवर्स वॉक से कमर की चौड़ाई कम होने लगती है।

महिलाओं के शरीर में उम्र बढ़ने के साथ कूल्हे पर मोटापा बढ़ने लगता है। इसके लिए रिवर्स वॉक असरदार साबित होती है। इससे कूल्हे, जांघ और पैरों का मोटापा कम होता है।

सामयिक चर्चा

महापौर का नाम तो ले लेते हैं !

आज मारे धूप के घर के भीतर,
बैठक में बैठकर, खबर पढ़कर,
बानी बोले- ''सुनिए, गजाधर!
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की
राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं
छत्तीसगढ़ प्रभारी प्रखर वक्ता
राधिका खेड़ा ने प्रेस क्लब
पत्रकार-वार्ता में कहा-
''यह चुनाव हार-जीत का नहीं,
लोकतंत्र बचाने का है।
उन्होंने आगे कहा- ''भाजपा के मैनिफेस्टो में
मोदी जी के 48 फोटो हैं तो यह
भाजपा का मैनिफेस्टो नहीं,
यह एलबम, मोदी जी के फोटो का है ।''
कांग्रेस प्रवक्ता ने हमारे छत्तीसगढ़ के
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को
''कठपुतली मुख्यमंत्री कह दिया।
और तो और उन्होंने हमारे नगर की
महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के सामने ही
यह भी मत व्यक्त कर दिया
कि राजनांदगांव की सड़कें ठीक नहीं हैं।
तो गजाधर! मेरा आपसे पूछना है
क्या हेमा जी के सामने राधिका जी का
ऐसा कहना सही है?''
गजाधर मुस्कारए बोले- ''इस पर बानी!
मेरा तो सोचना यही है
कि निगम वाले नगर की खराब सड़कों पर
इसलिए ध्यान नहीं देते हैं
क्योंकि आटो, बाइक कार में बैठे लोग
जब-जब जोरदार, धचका खाते हैं
तो हे माँ ! हे माँ!!'' कह-कहकर,
महापौर का नाम तो लेते हैं।''

गिरीश बख्शी

लघुकथा

// देखभाल //

मैथ्स एम-एससी कम्पलीट हो गयी। ए वन ईयर कोर्स बी एड भी डन। एम फिल भी कर ली। साल भर का पी जी डी सी ए भी हो गया। कुछ सालों तक एक कान्वेंट स्कूल में टीचिंग करते हुए उसने प्राइवेट कॉलेज ज्वाइन कर लिया। पढ़ने-पढ़ाने में मंजरी को पता ही नहीं चला कि कब वह पैंतीस बरस की हो गयी। अपने माँ-बाप की दो बेटियों में वह बड़ी थी। अब तक अनमैरिड थी।

इसी बीच मंजरी की छोटी बहन दीपा की शादी हो गयी। एक दिन उसके हस्बैंड के दूर के ममेरे विधुर भाई का मंजरी के लिए रिश्ता आया। दोनों पक्षों की ओर से बात चली। तभी उस विधुर व्यक्ति ने अपनी बात रखते हुए कहा- ''मेरे दोनों बेटे दूसरे शहरों में सेट हो चुके हैं। एक बेटी है जो ससुराल चली गयी है। मैं एफ सी आई में एक अधिकारी पद पर हूँ। अक्सर मेरा घर से बाहर ही रहना होता है। घर में मेरे वृद्ध माँ-बाप ही रहते हैं। अब मैं अपने माता-पिता के लिए शादी करना चाहता हूँ। उनकी सेवा व देखभाल करनी होगी।'' उस व्यक्ति की बातें पूरी होने के बाद सभी मंजरी को सुनना चाहते थे।

मंजरी अपनी बढ़ती उम्र से वाकीफ थी। उसके मन में सत्तर-पचहत्तर वर्ष को छूते माँ-बाप का ख्याल था। उसने बहुत संक्षिप्त में अपनी बात रखी- ''मैं किसी और के माता-पिता की देखभाल करने के लिए कहीं; और क्यों जाऊँ ? मैं अपने माता-पिता की सेवा करूँगी। अगर मेरी बात से किसी को ठेस पहुँची होगी, तो क्षमा चाहती हूँ।''

मंजरी की बातें सुन सभी निःशब्द हो गए।

टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

आयुक्त ने रेवाडीह, जी.ई. रोड, सहदेव नगर तथा कालोनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था तथा निर्माण कार्य देखा

रेवाडीह में स्वावलंबन योजना के तहत निर्मित दुकानों में जाकर अनुबंध व किराया जमा करने दुकानदारों को दिये समझाईस

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः शहर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण के तहत रेवाडीह व जी.ई.रोड में चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर माप दण्ड के अनुरूप निर्माण करने के निर्देश दिये। वही उन्होंने रेवाडीह में स्वावलंबन की दुकानों का अनुबंध व किराया जमा करने दुकानदारों को समझाईस दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह में निर्माणाधीन मुक्तिधाम का निरीक्षण कर श्रद्धांजलि हॉल, नाली, सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने, तराई कराने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। स्कान विहार कालोनी में विधायक निधि से स्वीकृत दो मंच निर्माण के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा, ताकि मंच निर्माण होने से लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने डामरीकरण रोड निर्माण का जायजा लिया और आशा नगर के एप्रोज रोड सीमेंटीकरण कार्य को जल्द पूर्ण कराने को कहा, जिससे आशा नगरवासियों को आवागमन में परेशानी न हो। वही जी.ई.रोड के पास गोंडवाना भवन विस्तार कार्य तथा वार्ड नं. 23 के विभिन्न गलियों में सीमेंटीकरण कार्य भी समय में पूर्ण कराने कहा। उन्होंने रेवाडीह स्कूल में मतदान केन्द्र देख पोलिंग बूथ के लिये बिजली पानी सहित आवश्यक व्यवस्था सूनिश्चित करने कहा।

आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह में स्कूल के पास व उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में जाकर दुकानदारों से चर्चा कर दुकानों का अनुबंध कराने तथा किराया जमा करने समझाईस देते हुये कहा कि अनुबंध के अभाव में दुकान निरस्त कर दिया जावेगा। उन्होंने दुकानों के सबंध में उपायुक्त मोबिन अली से कहा कि निगम स्वामित्व एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत निगम सीमांतर्गत निर्मित दुकानों में जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है, उनका अनुबंध करावें तथा किराया जमा करावें। इसके अलावा जिन दुकानदारों का लंबे समय से दुकान किराया बाकी है, उन्हें नोटिस जारी कर किराया वसूली करे।

रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर के स्वच्छता दीदीयों द्वारा अच्छे कार्य एवं साफ सुथरा संचालन के लिये सराहना करते हुये प्रभारी से कहा कि गीला व सुखा कचरा घर में ही पृथकीकरण करावे, व शतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने एसबीएम प्रभारी श्री रामटेके से कहा कि रेवाडीह के आस पास के क्षेत्रों से कचरा इसी सेन्टर में मंगावे और कचरा विनिष्टीकरण कर खाद बनावे। खाद के विक्रय के लिये किसानों से सम्पर्क करें। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अशोक देवांगन, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

बस्ती के पास लगा डामर प्लांट, धुंए से लोग परेशान

ठेलकाडीह (दावा)। डामर प्लांट सें निकलने वाले धुंए से लोग परेशान हो रहे है। इसका असर छोटे बच्चों पर भी पड़ रहा है। आपको बता दे कि केसीजी जिले व राजनांदगांव जिले के सरहद ठेलकाडीह के बस्ती के समीप प्लांट संचालित हो रहा है। अब इसका विपरित असर ठेलकाडीह बस्ती के लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है।

उक्त प्लांट के चिमनी से निकल रहे धुंए से आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस प्लांट में डामर और गिट्टी को मिक्स कर पकाए जाते समय काला धुंआ गांव की बस्ती में फैल रहे है। जिससे बच्चें व बुजुर्गो को सांस लेने में परेशानी होने की आंशका जताई जा रही है। लोग इसका विरोध वाट्सअप ग्रुप में जता रहे है और पंचायत प्रतिनिधियों को इस पर कार्रवाई करने बात कही जा रही है। हालांकि ठेलकाडीह सचिव दयालू खुटेल ने डूमरडीहकला खॉर में स्थापित होना बताया। उन्होंने कहा कि हमारे पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की एनओसी नही दिया गया है। इधर डूमरडीहकला के सचिव ने डामर प्लांट के लिए किसी भी प्रकार की कोई एनओसी देने से इंकार किया है। ऐसे में प्लांट को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे है। हालाकि ग्रामीण युवा राजेश सेन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारण साबित हो रहे है तो इसकी शिकायत जल्द ही कलेक्टर व एसडीएम से करेंगे।

पहला कॉलम...

संतोष पाडेय के समर्थन में भाजयुमो घुमका मंडल एक्शन मोड में - उज्जवल कसेर

राजनांदगांव (दावा)। देश में पुनः भाजपा सरकार बनाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने व राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय को पुनः सांसद बनने भाजयुमो जिला राजनांदगांव के घुमका मंडल में निरंतर जनसंपर्क, चाय पे चर्चा, युवा चौपाल सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्रवासियों से युवाओं से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने देश, प्रदेश, जिले के चौमुखी विकास हेतु कमल खिलाने का आग्रह किया जा रहा है, उक्त कार्यक्रमों में भाजयुमो जिला मंत्री व घुमका मंडल के प्रभारी उज्जवल कसेर, भाजयुमो घुमका मंडल के सक्रिय अध्यक्ष ललित साहू, महामंत्रीद्वय जनक साहू, रवि वर्मा, युवा सरपंच साकेत वैष्णव, उपाध्यक्ष रूपनारायण साहु, अर्जुन क्षत्रिय, मोहित वर्मा, जितेंद्र गायकवाड़, मीडिया प्रभारी तिलेश्वर सिन्हा, तिजु यादव, नीलाभ यदु, अजय ठाकुर, गजेंद्र साहु सहित अधिक संख्या में युवा कार्यकर्ताओं की सहभागिता बनी हुई है।

मतदाता पर्ची लेकर न्योता देने घर-घर दस्तक दे रहे बीएलओ

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार बीएलओ के माध्यम से मतदान के लिए न्योता देते हुए घर-घर पहुंचकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए तय मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में व्यापक पहल की जा रही है। इसीलिए जिलेभर में बीएलओ द्वारा आम मतदाताओं तक मतदाता पर्ची लेकर के पहुंच रहे हैं, ताकि आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। मतदान के लिए न्योता मिलने पर मतदाताओं खुशी जाहिर की। उन्होंने नेवता स्वीकार की और सभी ने 26 अप्रैल 2024 को सारे काम को छोड़कर सबसे पहले वोट देने की बात कही है।

आदर्श आचार सहिंता का उल्लंघन पाए जाने पर एएनएम सेवा से बर्खास्त

अंबागढ़ चौकी (दावा)। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में मानपुर विकासखंड के भर्रीटोला में पदस्थ एएनएम श्रीमती छाया उईके का तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दिया गया है। ज्ञात हो सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर संबंधित की किसी पार्टी विशेष के पक्ष में प्रचार प्रसार करने एवं महालक्ष्मी गारंटी के नाम से महिलाओं से फॉर्म भरवाए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा जांच की गई थी। समिति द्वारा शिकायत सही पाए जाने पर सेक्टर प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्रीटोला के द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत संबंधित एएनएम की सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

महाविद्यालय के पानी टंकी में पाया गया मेंढक, मचा हड़कंप



अभाविप एवं छात्रों ने आपत्ति करते हुए सौपा ज्ञापन

डोंगरगढ़ (दावा)। महाविद्यालय स्थित पेयजल की टंकी में मेंढक पाए जाने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डोंगरगढ़ के द्वारा प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा गया। नगर मंत्री शुभम महोबिया ने बताया कि कुछ दिन पूर्व शासकीय नेहरू स्नाकोत्तर महाविद्यालय के पीने के पानी टंकी में मेंढक पाए जाने की सूचना विद्यार्थियों के माध्यम से मिली थी।

पानी पीने से एक छात्रा को स्वास्थ भी गड़बड़ होने की सूचना मिली थी। जिसको ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन पानी टंकी सफाई और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर अभाविप डोंगरगढ़ द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने के दौरान जिला संयोजक अमन बृज नामदेव विकास महोबिया, पूर्वा समर्थ, शुभम अग्रवाल, दिव्या नामदेव, विकास महोबिया, डोमेश्वर सिन्हा, मुकुल महोबिया व अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

नाली में मिले अज्ञात शव की पहचान मोखला निवासी गिरीश साहू के रूप में हुई

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने नाली में जमा पानी में डूबे रहने से हुई थी मौत

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोगरगढ़ के सामने मुख्य मार्ग के किनारे नाली में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान ग्राम मोखला निवासी गिरीश साहू के रूप में की गई है। 40 वर्षीय मृतक गिरीश साहू तेजराम साहू के पुत्र थे। 18 अप्रैल को अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर स्तिथ नाली में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना वरिष्ठ नागरिक चिंताराम लारिया द्वारा पुलिस को दी गई थी।

मृतक मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनों हुई बारिश में अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर स्थित नाली में पानी भरा हुआ था। नाली में गिरीश साहू के गिरने की जानकारी नवरात्र पर्व में मार्ग से चलने वाले राहगिरों को हुई थी, किंतु किसी ने भी मदद के लिए हाथ आगे नहीं बढ़ाया। नाम सामने नहीं लाने की शर्त पर प्रत्यक्षदर्शी ने बताया गया कि बाहर निकालने के लिए वह लोगों को मदद के लिए पुकारता रहा लेकिन किसी ने उसको बाहर निकालने में मदद नहीं की। समय पर मदद नहीं मिलने के कारण, अंत में उसकी मृत्यु हो गई। मृतक मिर्गी की बीमारी से ग्रस्त था।

नागपुर में मजदूरी का काम करता था मृतक

पारिवारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक गिरीश साहू अपने परिवार सहित एक सप्ताह पूर्व अपने ससुराल सिरदार खपरी खैरागढ़ में छोड़ नागपुर काम करने के लिए 16 तारीख से निकला था। जिसकी 18 अप्रैल को मृत्यु की सूचना पुलिस द्वारा मृतक के साला नरोत्तम साहू को दी गई। गिरीश का छोटा भाई किशन साहू ने शव की शिनाख्त की। शव का शिनाख्त होने के बाद 20 अप्रैल को शव का पोस्टमार्टम कर परिवार जनों को शव सौंपा जाएगा। नाली में गिरे शव के पास मोबाइल भी बरामद किया गया। सिम को दूसरे मोबाइल में डालकर देखा गया जिसमें उसके साले को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी गई।

9वीं में चित्रकला वर्मा एवं 11वीं में आशनी साहू प्रथम

तुमडीबोड़ (दावा)। गत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पारागांवखुर्द में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें 9वी का 92 प्रतिशत एवं 11वी का 100 प्रतिशत परिणाम रहा। कक्षा 9वी में चित्रकला वर्मा(97%) प्रथम, रूपेंद्र साहू (92%) द्वितीय, कौशिकी वर्मा (91%) तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं कला संकाय में पल्लवी लोधी (76 %) प्रथम, सिमरन वर्मा (74%) द्वितीय, ज्योति साहू (69%) तृतीय। कक्षा 11वी विज्ञान संकाय में आशनी साहू (92%) प्रथम, डीलिशा साहू (86%) द्वितीय, ज्योति वर्मा(83%) तृतीय रहे।

कक्षा 11वी कॉमर्स संकाय में दानीदास साहू (84%) प्रथम, सुमन वर्मा (79%) द्वितीय, पायल हृदय राम साहू (73%) तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। संस्था के प्राचार्य लेखराम साहू एवं सभी शिक्षकगण एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।

अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। अवैध शराब बिक्री को लेकर पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से कुल 3.960 बल्क लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब कीमत 2180 रू. एवं बिक्री रकम 200 रू. जप्त किया।

आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 को थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज दिनांक 19 अप्रैल को आरोपी शेख सलीम पिता शेख बशीर उम्र 44 साल निवासी इंदिरा नगर वार्ड न.-05, डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ को श्रीराम हॉस्पीटल के पास स्टेशन रोड में अवैध रूप से धन अर्जन करने हेतु शराब बिक्री करते हुये पकड़ कर आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 05 पौवा अंग्रेजी शराब कुल 22 पौवा किमती- 2180 रू. एवं बिक्री रकम 200 रू. को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(1) आबकारी एक्ट का कार्यवाही किया गया है।

नाबालिक बच्चों से चुनाव प्रचार करवाने वालों कार्यवाही करें आयोग - महिला कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में भाजपा लगातार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है, उसी क्रम में छुईखदान भाजपा महिला मंडल द्वारा नाबालिक बच्चों से चुनाव प्रचार करवा कर अपनी राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति का घिनौना खेल खेली है, जिसकी शिकायत कलेक्टर एव जिला निर्वाचन अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव खैरागढ़ विधानसभा महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती कुसुम दुबे एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षा आरती महोबिया ने की है।

खैरागढ़ विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव कुसुम दुबे ने बताया कि निर्वाचन नियमावली के तहत नाबालिक बच्चों के गले में गमछा, दुपट्टा, हाथों में पाम्पलेट आदि पकड़ कर चुनाव प्रचार कराने को गैरकानूनी माना गया है, उसी तर्ज पर धार्मिक स्थलों का भी चुनाव प्रचार में बिना वैध अनुमति के उपयोग किया जाना निर्वाचन नियमों के विपरीत है। छुईखदान भाजपा महिला मंडल की पदाधिकारी राजलक्ष्मी पंसारी, किरण गुप्ता, आशा महोबिया, अनिता, पार्वती महोबिया, तृप्ति वैष्णव, हेमलता देवांगन आदि महिलाओं ने बाई साहब मंदिर छुईखदान में महतारी वंदन योजना के नाम से भाजपा का चुनाव प्रचार करते हुए नाबालिक बच्चों के गले में दुपट्टा एवं हाथ में पाम्पलेट बंटवाने का कार्य किया है, जिसकी फोटो सहित शिकायत करते हुए बाल श्रम कानून एवं किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने हेतु शिकायत पत्र सौंपा है।

दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से किया मतदान

० लोकतंत्र के महापर्व में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सहभागिता
० होम वोटिंग सेवा दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मददगार

अंबागढ़ चौकी (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र. 06 राजनांदगांव अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग सुविधा के लिए मतदान दल का गठन किया गया है। गतदिवस 18 अप्रैल को जिले में होम वोटिंग के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 06 राजनांदगांव में फॉर्म-12 (घ) में डाक मतपत्र की मांग करने वालें 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान दल उनके निवास स्थान पर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराए हैं।

उल्लेखनीय है कि, जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले ग्राम सरखेड़ा निवासी श्रीमती हिरई बाई राणा, ग्राम मडीयानवाड़वी निवासी श्रीमती सिरोतीन हिड़को, ग्राम अड़मागोंदी निवासी बिदेराम लटिया, ग्राम मांडिगपिडिंग धेनु निवासी सीता पठारी, ग्राम मडियानवाड़वी निवासी मानुराम, अं.चौकी निवासी घनश्याम खंडेलवाल एवं दिव्यांग श्रेणी मतदाता अंतर्गत मानपुर निवासी आशीष मिश्रा, कुंमाजटोला निवासी रामकुंवर वट्टी, मोहला निवासी झलक तिवारी, अड़मागोंदी निवासी रघुवीर कलामें, गोपलिनचुवा निवासी योगीराज सिन्हा, ढाढूटोला निवासी आकाश बंजारे इस तरह जिले मे होम वोटिंग के माध्यम से मोहला-मानपुर विधानसभा से 10 और खुज्जी अंशिक से 02 मतदाताओं ने मतदान किया।

जिले में इस तरह 85 से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता देते हुए मतदान किये। साथ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग सेवा की सराहना कि, उन्होंने कहा की हम बुजुर्गों के लिए मतदान दिवस के दिन हमें मतदान करने के लिए लंबी-लंबी कतारे में खड़े होकर मतदान करने में हमें काफी परेशानी होती थी। इसी तरह होम वोटिंग सेवा हम बुजुर्ग एवं दिव्यांग के लिए मददगार साबित हो रहा है। इसी तरह दिव्यांग मतदाता ढाढूटोला निवासी आकाश बंजारे ने कहा कि, हमें मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र में आने-जाने में एवं मतदान करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। होम वोटिंग की सुविधा के चलते हमें मतदान करने में कोई समस्या नही हुई। उन्होंने होम वोटिंग की सुविधा देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं जिले के नागरिकगणों को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर अपनी पूर्ण सहभागिता के साथ हिस्सा लेने अपील कि।

न्याय पत्र में एमएसपी की गारंटी किसानों के लिए बड़ी सौगात होगी - छन्नी चंदू साहू

० चौपाल में जुट रहे ग्रामीण दे रहे भूपेश को समर्थन
० कांग्रेस के न्याय के सामने भाजपा की गारंटी कुछ भी नहीं - राहुल तिवारी

छुरिया (दावा)। छुरिया क्षेत्र में घनी आबादी क्षेत्र से लेकर वनांचल के गांवों तक कांग्रेस का झंडा बुलंद हो रहा है। कांग्रेस के सांसद प्रत?याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए कांग्रेसी यहां मोर्चा संभाले हुए हैं। गांव-गांव पहुंचकर कांग्रेस नेता सभाएं कर रहे हैं और लोगों तक कांग्रेस का न्याय का संकल्प पहुंचा रहे हैं। शुक्रवार को आमगांव, घेरूघाट, बुचाटोला, गिदवा भवर और चारभाटा में कांग्रेस ने सभाएं की और ग्रामीणों से 26 अप्रैल को पंजा का बटन दबाकर वोट देने की अपील की।

40 डिग्री के तापमान में भी कांग्रेसी अपने विजय संकल्प के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटे हुए हैं। शुक्रवार को चुनावी अभियान की शुरुआत आमगांव से हुई। यहां लगी चौपाल में बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद थीं। युवा अपने भविष्य की उम्मीदों को लेकर कांग्रेसी नेताओं को सुनने और घोषणाओं को समझने आए थे। आमगांव, घेरूघाट, बुचाटोला, गिधवाभवर और चारभाटा में भी बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़े और भूपेश बघेल को विजयी बनाने अपना समर्थन दिया।

पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों की कर्ज माफी के लिए अलग आयोग बनाएगी। इसका सीधा मतलब है कि फसल पर नुकसान होने की सूरत में किसानों को राहत दी जाएगी। यह बड़ी बात है। स्वामी रंगनाथन कमेटी की सिफारिशें लागू की जाएगी, फसलों में एमएसपी की गारंटी कांग्रेस ने दी है। यह बड़ी बात है। आज से पहले ऐसा किसी राजनीतिक दल ने नहीं किया। कांग्रेस ही वह पार्टी है जो हरित क्रांति लेकर आई थी। जिसने सफेद क्रांति को बढ़ावा दिया था। यही वह पार्टी है देश को मजबूत बना सकती है। देश की स्थाई व्यवस्था का आधार महिलाएं हैं। कांग्रेस शुरु से उनके लिए प्रयासरत रही है। कांग्रेस ने वायदा किया है कि सरकार बनने पर हर महिला को एक लाख रुपए हर साल मिलेंगे। यानी 8 हजार 333 रुपए लगभग हर माह।

जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भरोसेमंद शख्सियत हैं। वे छत्तीसगढ़िया संस्कृति, परंपरा को आगे लेकर जाकर उसे विकास से जोड़ते हैं। इसका प्रमाण उनके मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में पूरे देश ने देखा है। उन्होंने कई कीर्तिमान गढ़े और छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाया। दूसरी ओर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे हैं जो पांच साल दुख-दर्द में झांकने तक नहीं आए। वे कोरोनाकाल में कहां थे इसका कोई अता-पता नहीं। क्षेत्र के विकास में उनकी कोई भागीदारी नहीं है। आप सभी 26 अप्रैल को पंजा छाप में बटन दबाकर भूपेश बघेल को सांसद चुनकर भाजपा से छुटकारा पाने का निश्चय कर लीजिए।

कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों में दस प्रतिशत कोटा बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों, समुदायों के लिए लागू करने की घोषणा को शामिल किया है। कांग्रेस गारंटी देती है कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ष के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने के लिए संवैधानिक संशोधन पारित करेगी। देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराई जाएगी। सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख रुपये तक के कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल अपनाया जाएगा। यह सभी घोषणाएं महत्वपूर्ण है।

इन कार्यक्रमों में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, एसटी सेल जिला अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, संयुक्त महामंत्री विपीन यादव, एकनाथ सिन्हा, ब्लॉक महामंत्री विजय साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष नेहरू लाल साहू, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सुनील लारोकर, ब्लॉक महामंत्री सोनू खान, सचिव अमित अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, जयपाल यादव सलमान खान पार्षद, सूरज साहू, अकील मेमन, शकील कुरेशी, मोहसिन खान, ब्लॉक महामंत्री खिलेश्वर साहू, कुलदीप साहू, धीरेन्द्र तिवारी सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डिकॉक और राहुल ने चेन्नई को दिखाया आइना, लखनऊ आठ विकेट से जीता

लखनऊ 19 अप्रैल (वार्ता) क्विंटन डिकॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के बीच 134 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पीट कर अपने मनोबल में इजाफा किया।

पीले समंदर में तब्दील इकाना स्टेडियम पर चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाये जिसके जवाब में लखनऊ ने विजय लक्ष्य छह गेंद शेष रहते दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह इकाना स्टेडियम के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज रहा।

डिकॉक और राहुल की जोड़ी ने आज 2022 के आईपीएल सत्र की याद दिला दी जब दोनो ने अपने दम पर 210 रन की पार्टनरशिप कर केकेआर के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की थी।

केएल राहुल की आज की पारी अब तक के सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी थी, इससे पहले उन्होने राजस्थान रायल्स के खिलाफ 58 रन बनाये थे। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होने 53 गेंद खेल कर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। राहुल सीएसके के सफल गेंदबाज पथिराना का शिकार बने जब प्वाइंट पर खडे जडेजा ने उनका कैच एक हाथ से लपका। इससे पहले दूसरे छोर पर डिकॉक पारी के 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुस्फिजुर रहमान का शिकार बने। उन्होने अपनी सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर पांच चौके और एक छक्का लगाया।

दोनो सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद जीत की औपचारिकता को निकोलस पूरन (23) और मार्कस स्टॉयनिस (8) ने बगैर और नुकसान के पूरा कर लिया। पूरन ने नो बाल में फ्री हिट पर चौका जड कर अपनी टीम को जीत दिलायी।

इकाना स्टेडियम में आज 50 हजार दर्शकों का दिल अपने चहेते सितारे सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी के साथ था मगर दिमाग में उनके लखनऊ की जीत की तमन्ना थी और दर्शकों की दोनो तमन्नायें पूरी हुयी जब उन्होने धोनी की पैसा वसूल पारी देख कर अपने अरमानों को पूरा किया। उधर एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने अपने घरेलू दर्शकों की जीत की चाहत को भी पूरा कर दिया। सातवें बल्लेबाज के रुप में पिच पर उतरे धोनी ने अपने खास अंदाज में नौ गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन ठोक दिये जिसके चलते चेन्नई मेजबान टीम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार करने में सफल हो सका। हालांकि उनकी इस पारी पर राहुल और डिकॉक ने पानी फेर दिया।

धोनी के साथ दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि मैदान पर बैठे एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में जडेजा की यह पहली अर्धशतकीय पारी थी जिसमे उन्होने 76 मिनट क्रीज पर रुक कर 40 गेंदों में पांच चौके और एक जानदार छक्के की मदद से नाबाद 57 रन बनाये।

इससे पहले टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब रचिन रविंद्र (0) पारी के दूसरे ओवर में ही मोहसिन खान का शिकार बन गये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (17) भी यश ठाकुर की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। हालांकि सलामी बल्लेबाज आंजिक्य रहाणे (36) का बल्ला इकाना की पिच पर चल निकला। उन्होने 24 गेंदों की अपनी संक्षिप्त पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा।

चेन्नई के विस्फोटक बल्लेबाज शिवम दुबे (3) और इंपेक्ट प्लेयर समीर रिजवी (1) भी अपने विकेट जल्दी गंवा बैठे और टीम का स्कोर पांच विकेट पर 90 रन हो गया। मुश्किल हालात से टीम को निकालने की जिम्मेदारी अब हरफनमौला रविंद्र जडेजा के पास थी जिन्होने इसे बखूबी निभाया। उन्होने पहले मोइन अली (30) के साथ 51 रन की बहुमूल्य साझीदारी की जबकि बाद में भारतीय प्रशंसकों की जान महेन्द्र सिंह धोनी के साथ तेज गति से रन बटोरते हुये एलएसजी के लिये एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा करने में टीम की मदद की।

एलएसजी के लिये कृणाल पांड्या (16 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज बने जबकि मार्कस स्टॉयनिस,यश ठाकुर,मोहसिन खान,रवि बिश्नोई को एक एक विकेट मिला।

डेंगू से बचाव ही सावधानी है - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही विभिन्न बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने विगत वर्ष के सभी डेंगू प्रकरण की मैपिंग कर सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने डेंगू प्रकरण वाले क्षेत्रों में इंडेक्स एडिस लार्वा शून्य निर्देशित नहीं होने तक लगातार सोर्स रिडक्शन करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी डेंगू एवं मलेरिया सकारात्मक प्रकरण का कान्टेक्ट सर्वे, आरएफएस एक्टीविटी, आईईसी, बीसीसी एक्टीविटी एवं फालोअप लेने कहा।

कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर भरे, घर की छत पर रखें गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतवर्ष की महिलाओं का सम्मान बढ़ाया - भारती

पाड़ादाह मंडल में महतारी वंदन के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं का हुआ सम्मान

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांडादाह मंडल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती के नेतृत्व में महतारी वंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उज्जवला गैस, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित डबल इंजन सरकार की विभिन योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं वह सम्मान किया गया। माटोलाकला एवं कंटगीकला बूथ में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की श्रीमती रेखा देवदास, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती नंदना टांडेकर, मंत्री एवं आईटीसल जिला महिला मोची श्रीमती वंदना शर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती नंदनी बंजारे, पूर्व महामंत्री श्रीमती हगिन लौतरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता वर्मा, श्रीमती उषा वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं भी जुटी। देखा जाये तो मूल रूप से महतारी वंदन सम्मान समारोह आयोजित कर भाजपा अपने पक्ष में माहौल बना रही है। श्री भारती इस दिशा में पूरे मंडल में सक्रियता के साथ लाभार्थी सम्मान समारोह को आयोजित करने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतवर्ष की महिलाओं का सम्मान बढ़ाया।

प्रदेश भाजपा महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भारतवर्ष की महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उनके द्वारा लागू की गई अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर महिलाओं को मिल रहा है, और महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुई है। अपने संबोधन में श्री भारती ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार मातृत्व शक्ति को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उनके ही नाम पर बैंक में खाता खोला गया। महिलाएं ही घर की देखभाल करती हैं। बच्चों की पढ़ाई लिखाई व घर के प्रत्येक सदस्य के इलाज सहित घर के अन्य छोटे-छोटे कार्य महिलाओं के द्वारा ही संपादित हो रहे हैं। उनके सम्मान में हमारी सरकार ने महतारी वंदन योजना लाई है। जिससे उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये मिल रहे हैं। ऐसी महिलाओं का सम्मान जिसमें स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित अन्य लाभार्थी महिलाएं शामिल हैं। उन्हें परिवार से हम जोड़ने का काम कर रहे हैं। लाभार्थी महिलाओं का सम्मान समारोह हर शक्ति केंद्र में ही रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संपूर्ण भारतवर्ष की महिलाओं के अस्तित्व को बढ़ावा दिया है।

कार्यक्रम की सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, क्षेत्र के प्रभारी भागवत शरण सिंह, पूर्व सरपंच गौस मोहम्मद, भाजपा नेता कमलेश भदोरिया, गोरेलाल वर्मा, रेखा देवदास, वंदना टांडेकर, संतोष देवांगन सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

रामनवमी के पर सनातन धर्म महासभा अयोध्या में राम मंदिर व भगवान राम की आकृति आकर्षक रंगोली बनाकर की महाआरती

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा बालाजी मंदिर गंज लाईन में भव्य आकर्षक रामलला के जन्मोत्सव व रामनवमीं के शुभ अवसर पर भव्य आकर्षक अयोध्या की राम मंदिर भगवान राम लला की मूर्ति की भव्य आकृति रंगोली के माध्यम से बनाई गयी।

सनातन धर्म महासभा के छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि यह भव्य आकृति भगवान राम लला की व राम मंदिर की हमारे राजनांदगांव शहर की बिटिया पलक शर्मा पुत्री मौसमी शर्मा के द्वारा बनाई गयी। तत्पश्चात बाला जी मंदिर गंज लाईन में भगवान राम जी की महाआरती की गई। जिसमें अत्यधिक संख्या में सनातन प्रेमियों ने महाआरती कर धर्म लाभ लिया महाआरती में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक शनिदेवधाम मंदिर के राकेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री प्रिंयक सोनी, शहर अध्यक्ष कमल साहू, बालरत्न सेवा समिति के सौरभ खण्डेलवाल,सैनिक संघ के राजेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुशमा सिंह, जिला अध्यक्ष ममता सोनी, ममता शर्मा, शहर कोषाध्यक्ष रोशनी रायचा, सचिव रंजना शर्मा, व अत्यधिक संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने धर्म लाभ लिया।

छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया है कि, सनातन धर्म महासभा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ मे शुभ दिन 17 अप्रैल दिन-बुधवार को रायपुर व कोरबा, भाटापारा, बिलासपुर में सनातन धर्म महासभा द्वारा भगवान रामजी की रामनवमीं के शुभ-अवसर पर भगवान राम जी की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम से निकालकर पूरे छत्तीसगढ़ में रामनवमीं मनाई गयी। उपरोक्त जानकारी मौसमी शर्मा ने दी।

भाजपा के संकल्प पत्र में ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय स्वागतेय- विकास तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए पार्टी का विधि प्रकोष्ठ भी खासा सक्रिय हैं, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बौद्धिक वर्ग के लोगों से मेल मुलाकात कर उन्हे भाजपा के विचारों से तो अवगत करा ही रहें हैं साथ ही साथ भाजपा के संकल्प पत्र ङ्क मोदी गारंटी 2024 का बुद्धजीवियों पर हो रहे असर को भी बता रहें हैं। प्रकोष्ठ के संयोजक विकास तिवारी ने बौद्धिक वर्ग के लोगों से चर्चा करते हुए कहा की वन नेशन - वन इलेक्शन की बड़ी गारंटी मोदी सरकार ले रही है, इससे जहां देश के संसाधनों की बड़ी बचत होगी वही एक साथ चुनाव कराने से विकास कार्यों को गति मिलेगी, साथ ही साथ मतदाताओं और देश को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। श्री तिवारी ने आगे बताया की देश के अदालतों की व्यवस्था अंग्रेजो की जमाने से चली आ रही है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीमकोर्ट से लेकर हाई कोर्ट सहित स्थानीय अदालतों में लाखों-लाख प्रकरण लंबित पड़े हैं, हालत यह हैं की पक्षकार जीवन पर्यत केवल अदालत के चक्कर ही काटता रह जाता हैं, उसे न्याय समय पर नहीं मिल पाता, आम लोगों को सदियों से हो रही इस परेशानी को हल करने की दिशा में मोदी गारंटी में त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया हैं सम्पूर्ण अदालती रिकार्ड का डिजिटीलाइजेशन मिशन मोड़ पर करने एवं अदालती कार्यवाही की सरल पहुच करने के लिए ई-कोर्ट प्रोजेक्ट में तेजी लाने की योजना है, श्री तिवारी ने आगे कहा की इसी प्रकार लंबित मामलों के शीघ्र

शत-प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र एवं देश होगा मजबूत - कलेक्टर

कलेक्टर ने मतदान करने की अपील की ० इंडस्ट्रियल एरिया ममता नगर में स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने उद्देश्य से स्वीप अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए शिक्षित एवं जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज यहां जिला मुख्यालय स्थित इंडस्ट्रियल एरिया ममता नगर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन में जिले में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा है। सामान्य रूप में लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है। इसे बढ़ाने के उद्देश्य से हम सभी को समन्वित प्रयास करना है। सभी के समन्वित प्रयासों से लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा की अपेक्षा इससे अधिक मतदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने यूनिट में काम करने वाले श्रमिकों एवं अन्य कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें और शत-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करें। मताधिकार आपका अपना अधिकार है और इसका प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि हम जितना अधिक मतदान करेंगे, उतना अधिक हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा और देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस 26 अप्रैल को अपने-अपने मतदान केन्द्र पहुंचे, अपने मतदान का प्रयोग करें, स्वयं के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्यों से मतदान कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि सब लोग अपने आस-पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। आपका यह छोटा सा प्रयास लोकतंत्र में जिम्मेदारी निभाने के साथ आपकी सहभागिता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रायः यह देखा जाता है कि जहां पर भी औद्योगिक क्षेत्र होते हैं, वहां मतदान का प्रतिशत अपेक्षा अनुरूप कम होता है।

मतदान दिवस को मतदान करने के लिए अवकाश मिलता है। इसका उपयोग करते हुए अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि उद्योग जगत अपने-अपने क्षेत्र के लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए आग्रह करें और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पत्र भी लिखें।

रश्मि पैकरा को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर हरवंश मिरी ने दी बधाई

रायपुर (दावा)। कंवर आदिवासी समाज की गौरव एवं कंवर समाज की बेटी सुश्री रश्मि पैकरा के वर्ष 2023 संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के परीक्षा में सफलता अर्जित कर 881वीं रैंक लाने पर कंवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरवंश मिरी द्वारा रश्मि पैंकरा को दूरभाष पर सफलता के लिए उन्हें और परिवार को बधाई एवं शुभकामनाऐं देते हुए सतत आगे भी तैयारी करते रहने और समाज के अन्य बच्चों को प्रेरित करने के लिए कहा।

मिरी द्वारा बताया गया कि कंवर समाज छत्तीसगढ़ की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति समाज है और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्य के. लोकसेवा आयोग एवं अन्य परीक्षा में बड़ी संख्या में समाज के बच्चे चयनित होते है लेकिन संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में समाज के तरफ से रश्मि पैंकरा दूसरी है इससे पहले हेमंत पैकरा वर्ष 2000 में चयनित होकर डिफेन्स में जॉब कर रहें है, रश्मि पैंकरा की 881वीं रैंक आई है तो उन्हें आईआरएस की सेवा जरूर मिलनी चाहिए और हम सब समाज के तरफ से दुआ करते हैं कि रश्मि पैकरा आगामी वर्ष में और मेहनत कर आई.ए.एस. या आई.पी.एस. बन कर देश सेवा करें एवं अपने साथ अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करें, उनके माता पिता को भी बहुत-बहुत बधाई।

प्रथम पेज का शेष

महबूबा ने किया चुनाव....

वे चुप्पी और हार की एक उदास भावना को लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जहां चाह है, वहां राह है। हमारी आवाज इन नापाक इरादों से लड़ने का एकमात्र हथियार है। हमारी आवाज सुनी जाएगी। पीडीपी के घोषणापत्र में सड़क संपर्क, पेयजल एवं स्थिरता, महिलाओं सशक्तिकरण, युवा सशक्तिकरण, शिक्षा एवं समाज को सशक्त बनाने, कश्मीर को रोशन करने और अपशिष्ट प्रबंधन की बात भी की गई है।

चुनाव के दौरान 'यात्राओं'...

नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा- उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव में लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति शिक्षित करने के लिए यात्रा निकालने की अनुमति मांगी थी लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इस पर सुनवाई कर रही पीठ ने आश्चर्य जताया और कहा कि ये कैसे हो सकता है। कोर्ट ने याचिका पर केंद्र सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। इस संबंध में कोर्ट का अंतरिम आदेश जारी- कोर्ट ने आदेश में दर्ज किया कि याचिकाकर्ता चुनाव के संबंध में लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के लिए लोकतंत्र यात्रा निकालना चाहते थे और इसके लिए जनसभाएं करना चाहते थे लेकिन संबंधित अथारिटी ने उनके आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया। कोर्ट ने इस संबंध में अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा है कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह की (चुनाव जागरूकता यात्रा के लिए) अर्जी सक्षम अथारिटी को देता है तो उस अर्जी पर तीन दिन के भीतर फैसला लिया जाएगा।

रायगढ़ से दर्शन के लिए...

रायगढ़ जिले की पुलिस टीम मौके पर पहुंची- महानदी में नाव पलटने की सूचना पर ओडिशा पुलिस के साथ ही रायगढ़ जिले की पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। गोताखोरों की मदद से लापता लोगों को ढूंढने की कोशिश की जा रही है। घटना की सूचना पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी मौके पर पहुंचे हुए हैं।

98 क्लीनिक, नर्सिंग होम....

बाद संचालन करें। अन्यथा नर्सिंग होम एक्ट के तहत सीलबंद करने की कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मनेंद्रगढ़ ब्लॉक में कई मेडिकल संस्थान हैं, जिनके पास कोई दस्तावेज ही नहीं हैं। इसमें रवि क्लीनिक खोंगापानी, विश्वास क्लीनिक बरबसपुर, शंकर डेंटल क्लीनिक मनेंद्रगढ़, पैथोलॉजी सर्विस मनेंद्रगढ़, पंकज ब्लड कलेक्शन खोंगापानी, मिश्रा पैथोलैब खोंगापानी, कोणार्क ब्लड एंड हिस्टोसाइटो कलेक्शन सेंटर खोंगापानी, बंगाली क्लीनिक सेमरा नागपुर, महामाया क्लीनिक केल्हारी शामिल हैं। खडगवां व जनकपुर ब्लॉक में बिना लाइसेंस पिछले 10 साल से अधिक समय से कई मेडिकल प्रतिष्ठान संचालित हैं। बावजूद स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में सोता रहा है। मदन डेंटल क्लीनिक हल्दीबाड़ी, दास ब्लड कलेक्शन सेंटर डोमनहिल, पटेल पैथोलैब दुबछोला, नेहा पैथोलेब गोदरीपारा, चांदसी क्लीनिक खडगवां, अग्रवाल क्लीनिक हल्दीबाड़ी, सेंट जोसफ सेवालय जनकपुर के दस्तावेज नहीं हैं।

वहीं शिव शंकर सोनोग्राफी सेंटर जनकपुर अप्रैल 2022, तुलसी अमृत मेटरनिटी होम चिरमिरी जनवरी 2023, सोहा होमियो कलीनिक हल्दीबाड़ी मई 2014, जीवन ज्योति क्लीनिक जनकपुर 2014, एनसीपीएच कॉलरी हॉस्पिटल 2020, विश्वास क्लीनिक डोमनहिल मई 2014 को लाइसेंस एक्सपायर हुआ है। बावजूद मेडिकल प्रतिष्ठानें बेधड चलती रहीं। मनेंद्रगढ़, जनकपुर व खडगवां विकासखंड में गठित ब्लॉक स्तरीय टीम जांच करने नहीं निकलती है।

'इंडी गठबंधन मुद्दों की कंगाली से ....

में आपकी उपस्थिति यह बता रहा है कि विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य अब दूर नहीं है। प्रधानमंत्री ने बीजेपी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा, हम समस्याओं के समाधान के साथ ही संभावनाओं के सृजन के लिए भी काम कर रहे हैं, हमने अमरावती के संतरे और वर्धा की हल्दी को 'एक जिला एक उत्पाद' के तहत अलग से पहचान दी है ताकि यहां के किसानों को इसका लाभ हो। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए पांच चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान आज (19 अप्रैल) खत्म हुआ। इसके बाद दूसरा चरण 26 अप्रैल, तीसरा चरण 7 मई, चौथा चरण 13 मई और पांचवां चरण 20 मई को होगा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य के विदर्भ क्षेत्र की पांच सीट पर शाम पांच बजे तक 54.85 फीसदी मतदान हुआ।

बीजापुर में हुआ आईईडी ब्लास्ट....

बता दे कि छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट के आज पहले चरण का मतदान जारी था, जिसे लेकर बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव में मतदाताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है, लोग सुबह से ही लाइन में लगकर लोकतंत्र के इस महापर्व हिस्सा लेकर मतदान कर रहें है।इससे पहले बीजापुर में ही बीजीएल ब्लास्ट से एक जवान घायल हो गया हो गया था। घायल जवान का प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक जवान बीजापुर के उसूर थाना क्षेत्र के गलगम इलाके में मतदान केंद्र की सुरक्षा में आउटर कोर्डेन में तैनात था,उसी दौरान अचानक से यूबीजीएल फट गया। धमाके में जवान घायल हो गया, जवान का उपचार किया जा रहा है।

पहले चरण का मतदान खत्म...

वह भी तब जब उनके पास कई खर्च भी हैं। कर्नाटक के कानून व्यवस्था और कांग्रेस नेता के बिटिया की मौत पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि स्कूलों में नैतिक शिक्षा प्रदान करना और समाज कल्याण का माहौल सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। राज्य में लोगों को भरोसा है कि जो लोग गलत करेंगे उन्हें सजा मिलेगी। हत्या करके लोग बच नहीं सकते। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपीए ने इंडी नाम रखने से वे नए नहीं हो जाएंगे। वे अभी भी यूपीए ही हैं। कांग्रेस में सी का मतलब भ्रष्टाचार, आपराधिकता और सांप्रदायिक हिंसा है।

लखनऊ ने चेन्नई को आठ विकेट से हराया, केएल राहुल और डिकॉक ने लगाए अर्धशतक

लखनऊ। कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक के शानदार अर्धशतक और दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए हुई शतकीय साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपरजाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ को पिछले दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने अपने होम ग्राउंड पर जीत दर्ज की। लखनऊ के लिए केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 82 रनों की पारी खेली, जबकि डिकॉक ने 43 गेंदों पर 54 रन बनाए। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रवींद्र जडेजा के नाबाद 57 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में राहुल और डिकॉक ने पहले विकेट के लिए 134 रनों की साझेदारी की जिसकी मदद से लखनऊ ने एक ओवर शेष रहते दो विकेट पर 180 रन बनाकर जीत दर्ज की।

हार के बावजूद चेन्नई की टीम सात मैचों में चार जीत और तीन हार के साथ आठ लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि इतने ही मैच में सीएसके के समान अंक प्राप्त करने वाली लखनऊ की टीम पांचवें स्थान पर बरकरार है।

बालोद पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

बालोद (दावा)। बालोद जिले के ग्राम कोरगुड़ा में विगत दिनों भगवा राम की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता ली गई, जहां पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी ने बताया कि प्रार्थी भारत लाल देवांगन निवासी ग्राम कोरगुड़ा थाना बालोद ने दिनांक 12 अप्रैल को थाना बालोद आकर रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके पिता फगुवा राम देवांगन जो मृत अवस्था में अपने ही खेत में पडी है, जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 221/2024 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक, एस आर भगत के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी बालोद व सायबर सेल प्रभारी बालोद एवं थाना बालोद और सायबर सेल की टीम के द्वारा ग्राम कोरगुडा में जाकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर विशेष संसूचना एवं डॉग स्क्वाड, फिंगर प्रिंट टीम, तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से महत्वपूर्ण मास्टर प्लान तैयार कर टीम के द्वारा अलग अलग क्षेत्रो में जाकर घटना की सम्पूर्ण जानकारी एवं अज्ञात आरोपी के संबध में गांव मे लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर घटना के संबध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था। टीम द्वारा गांव में कैम्प कर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना के बाद से गांव का एक युवक गायब है, उसकी जानकारी लेने पर वह पूर्व में भी किसी महिला पर हसिये से वार का प्रयास कर चुका है और कई बार अपने घर वालों को भी हसिया, टंगिया लेकर दौडा चुका है। कि जानकारी पर टीम द्वारा उसकी पतासाजी किया जा रहा था। लगातार संदेही के संबध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था, कि मुखबिर से सूचना मिला कि संदेही टिकेश तुमरेकी कोण्डागांव में अपने रिश्तेदार के यंहा छिपा है, सूचना पर तत्काल टीम द्वारा कोण्डागांव रवाना हुआ वहां पहुंचकर संदेही टिकेश तुमरेकी को घेरा बंदी करआरोपी पकडकर बालोद लाया गया ।

उन्होंने बताया कि थाना बालोद के अपराध क्रमांक 221/2024 धारा 302 भादवि के अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना बालोद एवं सायबर सेल से विषेष टीम गठित किया गया था। विषेष टीम द्वारा घटना के 05 दिवस लगातार गांव में कैम्प कर संसूचना के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर अंधे कत्ल के प्रकरण को सुलझाने व आरोपी टिकेष तुमरेकी को कोण्डागांव से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

संदेही टिकेश तुमरेकी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने कथन में बताया गया कि वह सुबह अपने घर से गांव के खेत तरफ गया था जंहा खेत में मृतक फगुवाराम देवांगन अपने खेत से धान का पैरा लेकर आ रहा था कि दोनो में आपसी बहस हुई जिससे संदेही टिकेष तुमरेकी आवेष में अपने पास रखे हसिये से मृतक फगुवाराम देवांगन पर ताबडतोड हमला कर दिया। जिससे मृतक फगुवाराम देवांगन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। आरोपी टिकेष तुमरेकी के निषानदेही पर ग्राम कोरगुडा जाकर उसके बताये जगह से घटना में प्रयुक्त हसिया बरामद किया गया है। आरोपी को आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिंमाड पर भेजा जा रहा है।

आरोपी टिकेश तुमरेकी पिता देवीलाल तुमरेकी उम्र 21 वर्ष पता- वार्ड 13 ग्राम कोरगुड़ा थाना बालोद, जिला बालोद का निवासी है।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने व आरोपी की गिरफ्तारी में -

एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, सउनि धरम भूआर्य ,प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, विवेक शाही, आरक्षक भोप सिंह साहू, राहुल मनहरे, आकाश सोनी, आकाश दुबे, विपिन गुप्ता, संदीप यादव, पूरन देवांगन, बनवाली साहू, रवि साहू, मनीष ठाकुर, रवि गंधर्व की सराहनीय भूमिका रही है। तकनीकी टीम में प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, आरक्षक मिथलेश यादव, योगेष पटेल, गुलझारी साहू का योगदान सराहनी रहा।

योगी जी आमसभा सागर में 21 को, संतोष पाण्डेय के पक्ष में मांगेंगे समर्थन

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सागर (कुमरदा) में आगामी 21 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे हिंदू हृदय सम्राट उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चुनावी आमसभा किया जायेगा। इस संबंध में कुमरदा भाजपा मंडल अध्यक्ष बोधन साहू ने बताया कि पूर्व में श्री योगी डोंगरगाँव में विधानसभा चुनाव के दौरान अपने ओजस्वी और तेज तर्रार भाषण से विपक्ष में खलबली मचा दी थी। वहीं अब लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजनांदगांव सांसद चुनाव हेतु संतोष पाण्डेय के पक्ष में समर्थन मांगेंगे। आगमन से पहले सभी सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

कार्यक्रम स्थल, हेलीपेड व पार्किंग स्थल का जायजा लेने लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव पहुँचे। सभा में मोहला-मानपुर, खुज्जी व डोंगरगाँव विधानसभा से भारी संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। इस दौरान जिला महामंत्री रवींद्र वैष्णव, हीरेंद्र साहू, किसुन यदु, बोधन साहू, अजय पटेल, गुलाब गोस्वामी, अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू, नूनकरण भुआर्य, सहित प्रशासनिक अधिकारी व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला - नीलू शर्मा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए पूरे संसदीय का धुंआधार दौरा कर रहें भाजपा के युवा नेता, प्रदेश प्रवक्ता व लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक नीलू शर्मा ने कल खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सुदूर वनांचाल साल्हेवारा पहुंचकर अनेक ग्रामों में जनसम्पर्क किया भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की तथा मण्डल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मैराथन बैठक लेकर चुनाव में विजयी होने के रास्तों का खुलासा किया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री शर्मा में इस दौरान कहा की पूरा देश इस बात को मानता है की मोदी की गारंटी याने गारंटी पूरा होने की गारंटी हैं। भाजपा जो कहती हैं उसे पूरा करती हैं और जो हम नहीं कहते लेकिन जनता के हित में यदि जरूरी है, तो उसे भी पूरा करते हैं। श्री शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र को विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला बताते हुए कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुवारे, वंचित वर्ग, सिनीयर सिटीजन, पिछड़े व कमजोर वर्ग तथा महिलाओं को शामिल किया गया हैं। इनके

सर्वांगीण विकास भी चिंता मोदी जी ने की हैं मोदी जी देश के ऐसे विरले प्रधानमंत्री हैं जिनके शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित हैं। पार्टी का संकल्प पत्र का डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के उन विचारों को साझा किया हैं जिसे पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान कहा जाता हैं।

श्री शर्मा पार्टी के संकल्प पत्र को घर-घर तक पहुंचाने का आव्हान कार्यकर्ताओं से करते हुए कहा कि भारत आज पूरे संसार को दिशा दिखा रहा हैं। देश के गरीबों के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो इसके लिए मुफ्त राशन योजना 80 करोड़ों लोगों को अगले पाँच वर्ष तक जारी रहेगी इस प्रकार पार्टी ने संकल्प लिया हैं कि सत्तर वर्ष की आयु से ऊपर हर बुजुर्ग को चाहे वो किसी भी वर्ग का हो उन्हे पाँच लाख रुपए का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में लाखों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएगा। तीन करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा, देश में मौलिक सुविधाओं के विस्तार के लिए रेल्वे, सड़क, पुल-पुलियों सहित विकास के कार्यों का द्रुतगति से निर्माण कराया जाएगा।

श्री शर्मा ने आगे कहा की जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता तब तक महिलाओं को समान अधिकार मिल पाना संभव नहीं हैं। अतः पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए वचनबद्ध हैं इससे देश को नई दिशा मिलेगी। जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरान श्री शर्मा के साथ प्रमुख रूप से खम्मन ताम्रकार, टी. के. चंदेल, निजाम मंडावी, पारस ठाकरे, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, रामलाल जंघेल, ओमलाल साहू, दीपक चौहान, अंकित गड़ेवाल जानकी चंदेल व तुलसी यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन और कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में माइक्रोऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थिति थे। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने कहा कि मतदान दिवस मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने के लिए माइक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति की गई है।

० प्रशिक्षण में माइक्रोऑब्जर्वर को निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका एवं कार्यों की दी गई जानकारी ० मतदान दिवस की सभी गतिविधियों को करेंगे मॉनिटरिंग ० माइक्रोआब्जर्वर को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की जानकारी निर्धारित समय पर देना महत्वपूर्ण कार्य है, इसका विशेष ध्यान रखना है। मॉकपोल एक महती कार्य है, इसमें भी समय का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करें। प्रशिक्षण में माइक्रोऑब्जर्वर की भूमिका से संबंधित सभी दायित्वों को अच्छे से समझें। निर्धारित फार्मेट में रिपोर्टिंग करना आवश्यक है। मतदान उपरांत आपकी रिपोर्ट और पीठासीन अधिकारी की डायरी का मिलान किया जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए माइक्रोआब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। उन्हें मतदान केन्द्र में निर्वाचन के संबंध में सभी गतिविधियों से अवगत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर मॉकपोल की कार्यवाही मतदान दलों के द्वारा की जाती है इस दौरान माइक्रोऑब्जर्वर की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने सावधानी रखते हुए मॉकपोल करने कहा। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया बाधित नहीं होना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। उन्होंने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के माइक्रोआब्जर्वर को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने कहा। जिससे उन्हें मतदान के लिए निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र दिया जा सके और वे अपने मतादिकार का उपयोग कर सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सी.एल. मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, जिला पंजीयक श्रीमती प्रियंका श्रीरंगे, मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा, दीपक ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भीम नगर में डॉ. अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

डोंगरगढ़ (दावा)। सविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर भीम नगर वार्ड न. 9 स्थित पंचशील ध्वज परिसर में अंबेडकर अनुयायियों द्वारा धूमधाम से अंबेडकर जयंती मनाई गई। अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर युवाओं द्वारा निकाली गई मोटर साइकिल रैली के पंचशील परिसर पहुंचते ही रैली में भाग लेने वाले युवाओं का समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

14 अप्रैल को, भंते कुमार कश्यप, भंते नागरत्न, भिक्षु आनंद बोधि द्वारा बुद्ध वंदना की गई। इसके पूर्व तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ. अंबेडकर के छाया चित्र के समीप द्विप प्रज्वलित कर आर्शीवाद लिया गया। कुछ वर्ष पूर्व वार्ड के युवाओं ने 50 फिट की ऊंचाई पर पंचशील ध्वज की स्थापना की थी। जो कि प्रदेश में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित पंचशील ध्वज है। जयंती के अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पुरषोत्तम टेम्भुरकर, खेमदस साखरे, विपिन सहारे, अखिल अम्बादे, दीपक साखरे, विरेन्द्र नंदेश्वर, देवी अम्बादे, हरिश इंदुरकर, बिंदु अम्बादे, बबीता जनबंधु, नलीनी टेम्भुरकर सहित बड़ी संख्या में बोद्ध उपासक उपसिकाये उपस्थित रहे।

नवरात्र पर्व के दौरान विराजित ज्योति कलश यात्रा निकाली गई



मां बम्लेश्वरी के दरबार से निकाली गई कलश शोभायात्रा का हजारों भक्तगणों ने दर्शन लाभ लिया स्थानीय विधायक श्रीमती बघेल ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना के लिए ज्योति कलश यात्रा में भाग लिया

डोंगरगढ़ (दावा)। देश विदेश में प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी की महिमा का ही प्रताप है कि दोनों नवरात्र मेले के दौरान लाखों की संख्या में भक्तगण माता के दर्शन लाभ लेने माता के दरबार में पहुंचते हैं। 9 दिन चलने वाले नवरात्र पर्व के अष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन के बाद नवमी को विसर्जन करने के लिए ज्योति कलश यात्रा निकाली जाती है।

क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना को लेकर स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा स्वयं ज्योति कलश को सर में रखकर, कलश यात्रा में भाग लिया। गत वर्ष भी श्रीमती बघेल ने ज्योति कलश यात्रा में भाग लिया था। परंपरा अनुसार, मनोकामना ज्योत रखने वाले परिवार की कोई महिला सदस्य या अन्य महिला ज्योति कलश को सिर में रखकर क्रमबद्ध हो कलश विसर्जन करने के लिए मां बम्लेश्वरी के दरबार से प्राचीन महावीर तालाब लेकर जाती हैं। जहां प्रमुख ज्योत का विसर्जन किया जाता है। ज्योति कलश यात्रा देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित माता के भक्तजनों के अलावा, मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रेलवे प्रशासन का सहयोग ज्योति विसर्जन में ज्योति विसर्जन के दौरान विगत अनेक वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए, रेल्वे प्रशासन के अधिकारी अपने अपने दल बल के साथ मौके पर तैनात रहते हैं। ज्योति कलश शोभा यात्रा के दौरान मार्ग पर स्थित रेल लाइन को कुछ समय के लिए ब्लॉक किया जाता है। इस दौरान बॉम्बे हावड़ा मार्ग की सभी रेल गाड़ियों का आवागमन बाधित रहता है।

महावीर भवन में 5 दिवसीय शिविर आयोजित

बालोद (दावा)। महावीर भवन में चल रहे 5 दिवसीय शिविर में संत ऋषभ सागरजी म सा ने कहा कि व्यापार के क्षेत्र में तो हम प्लानिंग करते हैं किंतु परिवार के क्षेत्र में प्लानिंग नही होती। उन्होंने बच्चों की परवरिश एवं संस्कार को लेकर अपनी बातें रखी। उन्होंने कहाकि अति सर्वत्र वर्जते। बच्चों को आत्म निर्भर बनाने उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। बच्चों को क्या सुविधा देना कब देना, और कितना देना ये ध्यान रखने की चीजें है। अति सुविधाएं व्यक्ति को पंगु बना देता है ,विपरीत परिस्थितियों को झेल नही पाता, सुविधाएं कम होने पर क्रोध एवं अशान्ति आने लगती है।

बच्चों को मजबूत बनाना या मजबूर बनाना है यह निर्णय हमे ही लेना होगा।उन्होंने कहा कि पुराने समय मे 25 वर्ष की उम्र तक ब्रह्मचर्य आश्रम में रखा जाता था जहां सीमित साधनों में रखकर प्रतिभा को उभारने का कार्य किया जाता था।अब परिस्थितियां एकदम विपरीत हो गई है बच्चों को बचपन से सुविधाओं का आदि बनाया जा रहा है ,जब ये सुविधायें नही मिल पाती तो उनमें निराशा आ जाती है। बच्चों को साधनों से नही, विचारों से सशक्त बनाया जाना चाहिए। बचपन मे डाले गए सदविचार एवम संस्कार उन्हें गलत राहों में जाने से रोकते हैं। अतः बच्चों को समय दें, अच्छी बातों से प्रशिक्षित करे, जीवन मे अनुशासन का महत्व समझाएं।

गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्र नवमी की आहूति प्रदान करने उमड़े श्रद्धालु

राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में नौ- दिनों तक चले जप-तप, पूजा-अनुष्ठान, ध्यान साधना उपासना के पश्चात नवरात्र नवमी के दिन भव्य पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व हिन्दू धर्म अनुयाइयों ने भाग लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेद माता गायत्री को अंतिम आहुति प्रदान की। इस दौरान मंदिर में गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा विभिन्न संस्कार भी संपन्न किए गए।

नवरात्र नवमी की सुबह 9,30 बजे से प्रारंभ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शहर के महापौर श्रीमती हेमा देशमुख अपने पति सुदेश देशमुख के साथ शामिल हो कर यज्ञाहूति प्रदान की और वेदमाता गायत्री से सबकी सुख समृद्धि व खुशहाली की दुआएं मांगी तथा नवरात्र नवमी सहित श्री रामनवमी पर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पांच पालियों में हुआ गायत्री महायज्ञ

इसी तरह शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या ने भी मां गायत्री से प्रार्थना कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जन्मोत्सव, श्री रामनवमी पर्व की लोगों को कोटिशः बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान यज्ञ में महापौर दम्पत्ति सहित उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन, नंदकिशोर सुरजन, जुगल किशोर लड्ढा, मुरलीधर चौधरी, आनंद पंसारी, हिरेन ठक्कर, आत्माराम कोशा 'अमात्य', डॉ. मौर्या, रमेश च्यवन, विजय कौशिक, सुनील ठक्कर आदि ने सपत्नीक भाग लिया।

वहीं उक्त यज्ञायोजन में शक्तिपीठ के वरिष्ठ जयंती भाई पटेल, डॉ. नरेंद्र गांधी, बद्रीनाथ महोबिया, गोविंद भाई पटेल, गोपाल चौरसिया, ईश्वर साहू, देवेंद्र साहू, भेष कुमार साहू, मोहन पटेल आदि के अलावा अलका बहन, सुषमा सुरजन, टेकती साहू, रुपाली गांधी, उषा महोबिया, श्रेया गुप्ता लश्करे बहन, अंजनी कोशा, पुष्पा साहू सहित बड़ी संख्या में नर-नारियों की उपस्थिति रही।

यज्ञायोजन के पूर्व शक्तिपीठ के पुरोहित सुखनंदन, ब्रह्मानंद, नृपाराम, सुखमन, देवशरण आदि से संगीतमय वातावरण के साथ साम गान किया वहीं व्यास पीठ पर आसित श्रीमती नीता बहन, जयंती बहन, ओमवती ठाकुर आदि ने गायत्री महामंत्र, मां दुर्गा-भवानी महामंत्र महाकाल मंत्र, प्रखर प्रज्ञा, सजल श्रद्धा आदि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ का संचालन किया।

मंदिर में उक्त भव्य यज्ञायोजन कार्यक्रम के उपरांत शक्तिपीठ परिसर में नवरात्रि उपासकों व समस्त भक्त जनों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया था, जिसमें समाजसेवी सौरभ खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल, प्रशांत सिन्हा, देवशरण, कैलाश, भाई ओमप्रकाश, नृपाराम आदि ने हाथ बंटाते हुए सबको छककर महाप्रसादी ग्रहण कराई। उक्ताशय की जानकारी व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश द्वारा दी गई।

मोदी की गारंटी पर महिलाओं को है भरोसा - कैलाश शर्मा

खुज्जी (दावा)। शक्ति केन्द्र तुमड़ीकसा, बूथ क्र.242 तुमड़ीकसा मे भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में डोर टू डोर सघन जनसंपर्क किया व तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के बनने के साथ ही भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को जीतने की अपील की।

महिलाओं की बैठक लेकर केन्द्र में बैठे भाजपा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य की विष्णु देव की सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं के बीच रखा। कैलाश शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कि सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए, गांव गरीब किसान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित करेंगी।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना से निश्चित रूप से माता, बहनों को बहुत बढ़िया लाभ मिल रहा है। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने भी एक स्वर में भाजपा सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि आने वाला लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को क्षेत्र से भारी मतों से विजई बनाकर मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

गांव की महिलाओं ने बताया कि महतारी वंदन योजना से उन्हें 1000 प्रतिमाह की राशि दी मिल रही है। यह राशि की महिलाएं अपने बैंक खातों से प्राप्त कर रही है। बैठक में प्रमुख रूप से गोपाल भुआर्य, डामन साहू, श्रीराम, चोवा राम साहू, नागेन्द्र नेताम, डामन मर्सिया, गजेन्द्र साहू, श्रीमती कमलेश कोटरे, पूर्णिमा साहू, लोमिन साहू, जुगा, नेमीन, जमुना, दुरमत, छत्री, भारतीय, चमेली, शशिकला, मिना नेताम, मोतिम, सुमित्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में पहले चरण का चुनाव संपन्न; रात 9 बजे तक 63.78 प्रतिशत मतदान, बीजापुर में सबसे कम वोटिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का लोकसभा चुनाव खत्म हो चुका है। रात 9 बजे तक 63.78 प्रतिशत मतदान हुआ है। बीजापुर में सबसे कम वोटिंग हुई है। नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदान का समय तीन बजे तक रखा गया था। इसके साथ ही बाकी मतदान केन्द्रों में शाम पांच बजे तक मतदान का समय था जो शाम 7 बजे तक हुआ।

विधानसभा क्षेत्र कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में तीन बजे तक मतदान खत्म हो गया था। नक्सल प्रभावित इलाका होने की वजह से इन विधानसभा के मतदान केन्द्रों में तीन बजे तक ही मतदान हुआ।

इस दौरान जो भी मतदाता लाइन में लगे थे, उन्हें मतदान के लिए परिसर के अंदर कर गेट पर ताला बंद कर दिया गया। इन जगहों पर शाम 4 बजे तक चुनाव संपन्न हुआ। इसके अलावा जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में शाम पांच बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। जबकि बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात से शाम पांच बजे तक वोटिंग हुई। हालांकि जो भी वोटर्स लाइन में लगे थे, वो वोटिंग कर शाम साढ़े 6 बजे तक बाहर निकल गये। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, बस्तर लोकसभा के छह विधानसभा सीटों में रात 9 बजे तक सबसे कम वोटिंग बीजापुर- 41.62 प्रतिशत हुई है। वहीं सबसे ज्यादा बस्तर में 72.81 फीसदी मतदान हुआ है। हालांकि सुबह तक फाइनल आंकड़ा आ सकता है।

इन विधानसभा सीटों पर रात साढ़े नौ बजे इतने फीसदी मतदान

बस्तर- 72.81 प्रतिशत
बीजापुर- 41.62 प्रतिशत
चित्रकोट- 73.49 प्रतिशत
दंतेवाड़ा - 67.02 प्रतिशत
जगदलपुर- 65.04 प्रतिशत
कोंडागांव- 72.01 प्रतिशत
कोंटा- 44.71 प्रतिशत
नारायणपुर- 62.28 प्रतिशत

बंद कमल टाकीज में लगी आग, स्वाह होते-होते बची दुकानें

राजनांदगांव (दावा)। वर्तमान में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। तापमान का पारा 42 डिग्री से पार जा रहा है। सुबह 10 बजे से ही सूरज की तेज किरणे पर परेशान करने लगती है। तेज धूप व भीषण गर्मी का आलम यह है कि 12 बजे ही शहर की सड़कों में सन्नाटा पसरने लग जाता है।

दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, नहीं हुई कोई जनहानि

2-3 बजे तो लोग तेज धूप व गर्मी से बचने अपने घरों में ही दुबके नजर आते है। ऐसे समय जब लोग तेज धूम के डर से अपने घरों में दुबके हुए थे शहर के बड़ पड़े कमल टाकीज (भरकापारा) में आग लग गई। गनीमत है कि ऐसे भीषण गर्मी के समय आग टाकिज के आसपास के दुकानों में फैल नहीं पाई नहीं तो बिजली सामान के दुकान व कबाड़ी की दुकान आग मे जलकर स्वाह हो गई होती।

टॉकिज से लगे कबाडी दुकान के एक कर्मचारी ने टाकिज के अन्दर से धुंआ उठते देख लिया और लोगों को सचेत की जबतक आग बंद पड़े कमल टाकिज के अन्दर के पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया था। इससे पेड़ो के पत्ते झूलस गए। प्रत्यक्ष दर्शी कबाड़ी कर्मचारी के अनुसार बंद पड़े टाकिज में अचानक आग लगने की घटना दोपहर तीन बजे की है।

कागज जलने से लगी आग

कर्मचारी ने सफाई में निकले रद्दी कागज को वहां जलाया था संभवतः उसकी चिंगारी आसपास में उड़कर जाने से टाकीज के कमरों में रखे सागौन की कुर्सियां, टेबल, पेड़ भी चपेट में आ गए जिसके कारण पेड़ों के पत्ते आग से झूलस गए।

लोगों को बताए जाने परांत फायर ब्रिगेड बुलाया गया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने दो गाड़ियां की पानी के फौवारे से आग पर काबू पाया। नहीं तो बड़ी जन धन की हानि हो सकती थी।

सड़क हादसे में मृत एलबी व्याख्याता के परिजन को मिलेगी 15 लाख की आर्थिक सहायता राशि, आयोग को भेजा प्रस्ताव

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में चुनाव प्रशिक्षण कर खैरागढ़ से घर लौटने के दौरान सड़क हादसे में मृत एलबी व्याख्याता विजल लाल रजक के परिजन को 15 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

चुनाव प्रशिक्षण से घर लौटने के दौरान हुए थे हादसे का शिकार

जिला प्रशासन ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में मृत शिक्षक की धर्मपत्नी पूर्णिमा रजक के नाम का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को प्रस्ताव भेज दिया गया है। गौरतलब है कि जिले के पेंडरवानी निवासी एलबी व्याख्याता विजय लाल रजक पिता बेलऊ को लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके तहत 14 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़ में पीठासीन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात विजय लाल रजक अपने घर पेंडरवानी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम चकनार के पास लगभग शाम 6:30 बजे अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। जिसके संबंध में तहसीलदार गंडई द्वारा उपरोक्त संदर्भित प्रकरण दर्ज करते हुये निर्वाचन आयोग के संदर्भित पत्र-01 के परिप्रेक्ष्य में अनुग्रह प्रतिकर राशि 15 लाख रूपये पीड़ित परिजन को भुगतान करने की अनुशंसा की गई है। प्रकरण का अवलोकन करने के बाद संलग्न दस्तावेजों एवं साक्ष्य के आधार पर मृतक शासकीय सेवक स्व. विजय लाल पिता बेलऊ जाति धोबी निवासी पेंडरवानी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिये शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़ में आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण उनकी मृत्यु होना पाया गया। अतः आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप में मृतक शासकीय सेवक के वैध उत्तराधिकारी श्रीमती पूर्णिमा रजक पति स्व. विजय लाल निवासी पेंडरवानी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

महंगाई और बेरोजगारी दूर करेगी कांग्रेस की न्याय गारंटी - भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि इस समय देश के जो हालात हैं वो चिंता पैदा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी सर्वेक्षण करवा ले इस समय 80 प्रतिशत लोगों के लिए महंगाई और बेरोजगारी ही सबसे बडा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि किसानों से लेकर मजदूरों, महिलाओं और युवाओं तक हर कोई परेशान है और इस परेशानी को कांग्रेस की दूर कर सकती है।

जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के न्याय पत्र की जानकारी ग्रामजनों से साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि दस साल तक केंद्र में सरकार चलाने वाली भाजपा अपने कामकाज के आधार पर वोट नहीं मांग रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके चुनावी शुभांकर हैं, लेकिन अपने किसी पोस्टर होर्डिंग में वे यह नहीं बता रहे हैं कि वे महंगाई और बेरोजगारी के लिए क्या करने वाले हैं। एक तरफ मोदी जी पांच किलो राशन की बात करते हैं, दूसरी ओर भाजपा की राज्य सरकार राशन कार्ड से मिलने वाले राशन में 15-20 किलो राशन काट देती है। भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र देश की आवाज है, देश के हर वर्ग की जरूरतों का प्रतिनिधित्व हमारा न्याय पत्र करता है। एक ओर जहां परिवार की जरूरतों का ख्याल रखने वाली महिलाओं के लिए सालाना 1 लाख रुपए देने की बात हमारे घोषणा पत्र का हिस्सा है तो युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार भी हम युवाओं को देंगे, जिसमें युवाओं को ट्रेनिंग के साथ ही एक लाख रुपए का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारा न्याय पत्र किसानों को स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने की गारंटी देता तो वहीं मनरेगा की दिहाडी 400 रुपए करने की बात भी हमारे न्याय पत्र का हिस्सा है। भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्र का सबसे जरूरी हिस्सा है। युवाओं के लिए रोजगार की बात, कांग्रेस पार्टी जहां युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा करती है, तो वहीं भाजपा रोजगार को लेकर एक शब्द भी नहीं कहती। आगे प्रदेश की भाजपा सरकार को निशाना बनाते हुए भूपेश कहते हैं कि भाजपा की सांय-सांय सरकार ने कांग्रेस की जान हितैषी नीतियों में सांय-सांय कटौती कर दी है, बेरोजगारी भत्ता, मजदूर न्याय, गोबर खरीदी जैसी योजनाएं बंद हो गई, तो वहीं गरीबों के राशन में भी डकैती की पूरी तैयारी है। भाजपा सरकार का इरादा प्रति व्यक्ति केवल 5 किलो चावल ही देने का है, ये भाजपा की जनविरोधी चेहरे को उजागर करता है।

जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल ने अंबागढ़ चौकी और मोहला क्षेत्र के ग्राम पांगरी, गोर्राटोला, माहुद, आतरगांव, मोहड़, बुटाकसा, खुर्सीटिकल (करमतरा), आडेझर, दनगढ़, सोमाटोला, आमाडूला, बोगाटोला, गिधाली, कुम्हली, गोटाटोला, मरारटोला, बुदानकट्टा, भालापुर, रेंगाकठेरा, विजयपुर का दौरा किया।

इस दौरान दौरे में भूपेश बघेल के साथ मोहला-मानपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, विधायक इंद्र शाह मंडावी, वीरेंद्र मासिया, पूर्व विधायक तेज कुंवर नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष बंसोड, नोहरू कुमेटी, लता साव, मनीष निर्मलकर, देवानंद कौशिक, ऋषभ ठाकुर, राजेंद्र मांडवी, रितेश मेश्राम, कपिल डोंगरे के साथ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैंकॉक में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में डॉ.बाफना सत्र प्रमुख वक्ता

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 24-25 मई को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में सेकंड इंटरनेशनल पीडियाट्रिक एंड हेल्थ काफ्रेंस का आयोजन हो रहा है।

भारत से पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को एक विशेष सत्र में रोल ऑफ स्पिरिचुअलिटी इन एडोलेसेंट वेलबिइंग विषय पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया है। इसके पूर्व भी दुबई तथा पेरिस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में इसी विषय पर व्याख्यान हेतु डॉ.बाफना को आमंत्रित किया गया था किंतु कोरोना काल प्रारंभ हो गया था, अतः उसे स्थगित किया गया था। उपरोक्त सूचना कांफ्रेंस मैनेजर डॉ. रिया विसिंट ने अपने पत्र में प्रेषित की है।

राजनांदगांव (दावा)। रामनवमी के उत्सव पर पार्षद गगन आईच के नन्हें पुत्र राम बने जिसकी तस्वीर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने अपने गोद में खींची थी और इस पोस्ट को डॉ. रमन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम में भी पोस्ट की।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल से ज्यादा किया खर्च

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन द्वारा 18 अप्रैल को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का द्वितीय परीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के द्वितीय परीक्षण में निर्वाचन लड़ने वाले कुल 15 अभ्यर्थियों में से 10 उपस्थित एवं 5 अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुपस्थित बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी), भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपूत, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल तथा निर्दलीय अभ्यर्थी श्रीमती त्रिवेणी पडोती एवं ए.एच. सिद्दीकी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के द्वितीय परीक्षण के अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल का 16 लाख 17 हजार 325 रूपए, भाजपा के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय का 18 लाख 75 हजार 618 रूपए, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद का 25 हजार रूपए, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर का 32 हजार 675 रूपए, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन का 12 हजार 500 रूपए तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली का 25 हजार रूपए, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम का 50 हजार 354 रूपए, भुवन साहू का 25 हजार रूपए, श्री विशेष धमगाये का 13 हजार 774 रूपए, श्री सुखदेव सिन्हा का 25 हजार रूपए अब तक व्यय हुआ है। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक टेकेन्द्र भट्ट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में 197 मतदाताओं ने होम वोटिंग से अपने मताधिकार का किया प्रयोग

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने बताया कि जिले में 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को 20 मतदान दल द्वारा होम वोटिंग के लिए पात्र मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। जिले में 197 मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। होम वोटिंग के लिए 105 वर्ष के बुजुर्ग से लेकर दिव्यांगजनों ने उत्साह देखने को मिला और आयोग द्वारा की गई इस व्यवस्था की प्रशंसा की गई। जिले में होम वोटिंग के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया और फॉर्म-12घ में 212 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र की सुविधा की मांग की गई थी।

भूपेश के पक्ष में कांग्रेस के चुनाव प्रचार में आई तेजी

लगातार हो रहा नुक्कड़ सभा के साथ-साथ डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार

राजनांदगांव (दावा)। आगामी लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार नुक्कड़ सभा के साथ-साथ डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षितिज चंद्राकर एवं प्रमोद दुबे के निर्देशानुसार मयूरी सिंह, नित्य शरण सिंह, कुबेर वर्मा सहित अन्य कांग्रेसियों ने अलग-अलग ग्रामों में घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों व घोषणा पत्र का प्रचार करते हुए प्रत्याशी भुपेश बघेल के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ दानी जंघेल, मनभावन, छबिलाल, सतानंद, देवकुमार, जयप्रकाश, नीलकंठ, भागोली सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता गण भी थे।

102 वर्षीय मनोहर पटेल ने पहली बार किया होम वोटिंग

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेन्दूनाला निवासी 102 वर्षीय मनोहर पटेल ने होम वोटिंग के माध्यम से पहली बार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर अपना मताधिकार का उपयोग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की पहल सार्थक सिद्ध हो रही है, जिससे केन्द्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर बैठे ही वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इसंजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते हुए जिले में होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों द्वारा बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई। मनोहर पटेल को बढ़ती उम्र के कारण आंखो से दिखाई नहीं दे रहा था लेकिन मतदान अधिकारियों के घर पर आने की जानकारी मिलने पर उनके चेहरे में उत्साह दिखा। श्री पटेल पहले प्रत्येक निर्वाचनों में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते थे। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि गांव में सबसे अधिक उम्रदराज के व्यक्ति हैं।

मतदान अधिकारियों के घर पर आने की जानकारी मिलने पर मनोहर पटेल के चेहरे पर दिखा उत्साह

श्री पटेल ने बताया कि परिजनों के सहयोग से पिछले विधानसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्र में जाकर दिया था। सबसे पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता मनोहर पटेल को होम वोटिंग की प्रक्रिया के संबंध में पूरी जानकारी दी गई। श्री पटेल ने कहा वे पहली बार घर पर ही मतदान कर देश के लोकतंत्र में सहभागिता निभा रहे हैं। इससे पहले मतदान केन्द्र में जाकर वोट करते थे। श्री पटेल को आंखों से नहीं दिखाई देने के कारण मतदान करने के लिए नाती बहू ने सहयोग किया। पहले वे मतदान केन्द्र परिजनों के साथ जाकर वोट दिया करते थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मांगी बाइक से लिफ्ट

कवर्धा (दावा)। कवर्धा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की सुरक्षा में गंभीर चूक हो गयी है। गृहमंत्री का चौपर लैंडिंग के दौरान रास्ता भटक गया। दरअसल उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने गृह क्षेत्र कवर्धा के दौरे पर थे। उनका चौपर पूर्व नियोजित स्थल न्यू पुलिस लाइन के हैलीपेट पर उतरना था।

चौपर भटककर दूसरी हैलीपेड पर कर गया लैंड

गृहमंत्री विजय शर्मा के लिए न्यू पुलिस लाईन हैलीपेड में सुरक्षाकर्मी भी तैनात थे, लेकिन न्यू पुलिस लाइन के हैलीपेड के बजाय उनका चौपर पीजी कालेज के हैलीपेड पहुंच गया। हालांकि गृहमंत्री ने लैंडिंग से पूछा कि क्या उन्हें फिर से न्यू पुलिस लाईन हैलीपेड ले जाये, लेकिन गृहमंत्री ने पायलट को कहा, कि अगर यहां भी लैंडिंग करा दिया जाये, तो कोई दिक्कत नहीं। जिसके बाद पीजी कालेज में ही गृहमंत्री के चौपर की लैंडिंग करा दी गयी।

पीजी कालेज में उस वक्त एक भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं थी। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री ने वहीं पास में खड़े एक युवक से बाइक में लिफ्ट ली और फिर सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के निवास पर पहुंचे। हालांकि बाद में पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने सुरक्षा की चूक से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि कंफ्यूजन की स्थिति से ऐसी परिस्थिति निर्मित हुई। कवर्धा उनका घर है, इसलिए उन्हें कहीं भी उतार दिया जाये, वो हर जगह पर सुरक्षित हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com